# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बसंत पंचमी सरस्वती पूजा की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026





# रायपुर साहित्य उत्सवः देश भर से 118 साहित्यकार होंगे शामिल, 23 से 25 जनवरी तक आयोजन



# साहित्य उत्सव से छत्तीसगढ़ को मिलेगी नई पहचान

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

बसंत पंचमी 23 जनवरी से नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन परिसर में तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश भर के 118 प्रतिष्ठित साहित्यकार शामिल होने जा रहे हैं। इस तीन दिवसीय उत्सव से छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर पूरा प्रदेश रजत महोत्सव मना रहा है। रायपुर साहित्य उत्सव उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। यह उत्सव न केवल छत्तीसगढ़ को बल्कि पूरे देश के सुप्रसिद्ध साहित्यकारों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ को साहित्यिक जगत में एक नई पहचान प्रदान करेगा तथा जनसमुदाय को साहित्य, लेखन और पठन-पाठन की ओर प्रेरित करेगा। साहित्य महोत्सव के दौरान साहित्य विमर्श खुले संवाद, समकालीन विषयों पर विचार-विमर्श होगा। साहित्य महोत्सव को लेकर आम-लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## हमर पहुना



**श्री गिरीश पंकज**
वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक एवं कवि

सुप्रसिद्ध साहित्यकार, लेखक एवं कवि गिरीश पंकज, जिनकी लेखनी में साहित्य की गहन संवेदना और पत्रकारिता की तीक्ष्ण दृष्टि की सशक्त अभिव्यक्ति सजीव रूप में देखने को मिलती है।



**डॉ. सुशील त्रिवेदी**
ख्याति प्राप्त लेखक

कुशल प्रशासक और पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. सुशील त्रिवेदी, जिनका कार्य और विचार प्रशासन को मानवीय दृष्टि प्रदान करते हैं। अगर आप के भी हैं कोई सवाल तो आप कर सकते हैं।



**डॉ. सुधांशु त्रिवेदी**
राज्यसभा सांसद एवं प्रखर वक्ता

रायपुर साहित्य उत्सव में राज्यसभा सांसद एवं प्रखर वक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी के ओजस्वी विचारों को सुनने का मिलेगा विशेष अवसर। ऐसे ही प्रखर वक्ताओं को सुनने के लिए आप भी आइए।



**डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष**
प्रसिद्ध कवि एवं राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष

हिंदी साहित्य, पत्रकारिता एवं काव्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका रखने वाले प्रसिद्ध कवि एवं राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष जी।



**सुश्री अंकिता जैन**
समकालीन हिंदी साहित्य की सशक्त लेखिका

साहित्य उत्सव में सहभागिता कर रही हैं समकालीन हिंदी साहित्य की सशक्त लेखिका सुश्री अंकिता जैन। इस उत्सव में संवेदनशील कथ्य और समकालीन लेखन से जुड़े उनके सृजन से होगा।



**श्रीमती स्वाति तिवारी**
प्रख्यात लेखिका

रायपुर साहित्य उत्सव में शामिल होने आ रही हैं, प्रख्यात लेखिका श्रीमती स्वाति तिवारी जी, जो शब्दों के इस महामहोत्सव में करेंगी साहित्यिक सृजन, स्त्री-विमर्श और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा।



**श्री अनंत विजय**
वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं स्तंभकार

संस्कृति, सिनेमा और साहित्य पर बेबाक राय रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार और लेखक अनंत विजय। इन्हें सुनने, इनसे सीधे संवाद करने का अवसर है रायपुर साहित्य उत्सव।



**प्रो. संजीव कुमार शर्मा**
पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी

रायपुर साहित्य उत्सव में शामिल होने आ रहे हैं, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के पूर्व कुलपति और साहित्य के मर्मज्ञ प्रो. संजीव कुमार शर्मा। रायपुर साहित्य उत्सव अवसर है।



**श्री राहुल चौधरी**
साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता

साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता राहुल चौधरी। उनकी गहरी समझ समाज और समकालीन घटनाओं को एक स्पष्ट व निष्पक्ष दृष्टि प्रदान करती है।



**श्री अमन अक्षर**
प्रख्यात कवि

रायपुर साहित्य उत्सव में शामिल हो रहे हैं, प्रख्यात कवि श्री अमन अक्षर। साहित्य उत्सव का यह अवसर है।



आज जब सोशल मीडिया के कोलाहल में ज्ञान की धारा अक्सर सूचनाओं के शोर में दब जाती है। ऐसे समय में साहित्य उत्सव एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। जहां विचार-विमर्श के बीच संवाद की संस्कृति जीवित रहती है। सृजन वही जन्म लेता है, जहां मन खुला हो और कथा वही आकार लेती हैं जहां मनुष्य अपने सत्य से संवाद करने का साहस रखता है। साहित्य महोत्सव के लोगो (डिजाइन) में अंकित ''आदि से अनादि'' तक वाक्य साहित्य के उस अटूट यात्रा को दर्शाता है, जिसमें आदिकालीन रचनाओं से लेकर निरंतर विकसित हो रहे आधुनिक साहित्य तक सभी रूप समाहित हैं। साहित्य कालातीत है, वह समय, समाज भाषा और पीढ़ियों को जोड़कर चलने वाली निरंतर धारा है। तीन दिनों तक पुरखौती मुक्तांगन में साहित्यिक संवाद, पुस्तक विमोचन, विचार-मंथन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कला-प्रदर्शनियों का जीवंत केंद्र बनेगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय साहित्यिक मानचित्र पर एक सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रायपुर साहित्य उत्सव पूरे छत्तीसगढ़ के लिए सांस्कृतिक गर्व का विषय है क्योंकि इसमें राज्य की हजारों साल पुरानी साहित्यिक जड़े, जनजातीय परंपराएं, सामाजिक समरसता और आधुनिक रचनात्मक दृष्टि सभी का सुंदर सार्थक और कलात्मक संगम दिखाई देगा। छत्तीसगढ़ की साहित्यिक यात्रा आदि से अनादि तक अविचल, जीवंत और समृद्ध रही है, और आगे भी इसी धारा में निरंतर विकास की नई कहानियां लिखती रहेंगी। साहित्य उत्सव में कुल 11 सत्र शामिल होंगे, इनमें 5 समानांतर सत्र, 4 सामूहिक सत्र और 3 संवाद सत्र आयोजित किये जाएंगे जिनमें साहित्यकारों एवं प्रतिभागियों के बीच सीधा संवाद और विचार-विमर्श होगा। रायपुर साहित्य उत्सव साहित्य, विचार और संस्कृति के संगम का उत्सव है, इसमें युवाओं, शिक्षकों, लेखकों और आम पाठकों की सहभागिता रहेगी। नई पीढ़ी को साहित्य विचार और संस्कृति से जोड़ना इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य है।




## आम जनता के लिए सुगम यातायात व्यवस्था

इस व्यवस्था के अंतर्गत रायपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पुरखौती मुक्तांगन, नवा रायपुर तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कुल 6 विशेष बस रूट निर्धारित किए गए हैं। ये बसें तीनों दिन सुबह 9 बजे, 10.30 बजे, दोपहर 12 बजे, 1.30 बजे, 3 बजे तथा शाम 4.30 बजे निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित होंगी।

**रूट क्रमांक 1 :** टाटीबंध से प्रारंभ होकर सरोना, रायपुरा चौक, कुशालपुर, भाठागांव चौक, संतोषी नगर चौक, पचपेड़ी नाका, एमएमआई, देवपुरी, डूमरतराई, माना मोड़, टेमरी, माना कैंप और नवा रायपुर होते हुए पुरखौती मुक्तांगन पहुंचेगा।

**रूट क्रमांक 2 :** रेलवे स्टेशन से फाफाडीह चौक, डी. नगर, मेकाहारा, शास्त्री चौक, कालीबाड़ी, सिद्धार्थ चौक, पचपेड़ी नाका, एमएमआई, देवपुरी, डूमरतराई, माना मोड़, टेमरी, माना कैंप और नवा रायपुर होते हुए उत्सव स्थल तक जाएगा।



**रूट क्रमांक 3:** रेलवे स्टेशन से फाफाडीह चौक, मेकाहारा, घड़ी चौक, गांधी उद्यान, भगत सिंह चौक, तेलीबांधा, अवंतीबाई चौक, पं. दीनदयाल चौक, वीआईपी चौक, कृषि विश्वविद्यालय, लाभांडी, जोरा, नवा रायपुर एवं कैपिटल कॉम्प्लेक्स के मार्ग से पुरखौती मुक्तांगन पहुंचेगा।

**रूट क्रमांक 4:** भाठागांव से पचपेड़ी नाका, एमएमआई, देवपुरी, डूमरतराई, माना मोड़, टेमरी, माना कैंप और नवा रायपुर होते हुए उत्सव स्थल तक संचालित किया जाएगा।

**रूट क्रमांक 5:** यूनिवर्सिटी गेट से साइंस कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज, आश्रम, आमापारा, आजाद चौक, कालीबाड़ी, सिद्धार्थ चौक, पचपेड़ी नाका, एमएमआई, देवपुरी, डूमरतराई, माना मोड़, टेमरी, माना कैंप और नवा रायपुर होते हुए उत्सव स्थल तक संचालित होगा।

**रूट क्रमांक 6:** कचना से मोवा, लोधीपारा, पंडरी, शास्त्री चौक, कालीबाड़ी चौक, सिद्धार्थ चौक, पचपेड़ी नाका, महावीर नगर, तेलीबांधा, अवंतीबाई चौक, पं. दीनदयाल चौक, वीआईपी चौक, कृषि विश्वविद्यालय, लाभांडी, जोरा, नवा रायपुर एवं कैपिटल कॉम्प्लेक्स के रास्ते पुरखौती मुक्तांगन पहुंचेगा।

### तीन दिन, 42 सत्र और गहन विचार-विमर्श

23 जनवरी से शुरू होकर 25 जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में कुल 42 सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में राजनीति, समाज, संस्कृति, मीडिया, युवा साहित्य, कविता, रंगमंच और वर्तमान समय से जुड़े विषयों पर खुलकर चर्चा होगी. विभिन्न विषयों पर होने वाला यह विमर्श उत्सव को और अधिक व्यापक और विचारोत्तेजक बनाएगा।

### देश और प्रदेश से 118 साहित्यकारों की भागीदारी

इस साहित्य महोत्सव में कुल 118 साहित्यकार और कलाकार भाग लेंगे। इनमें से 58 देश के अलग-अलग हिस्सों से आएंगे, जबकि 60 प्रतिभागी छत्तीसगढ़ प्रदेश से होंगे। आयोजकों ने विशेष रूप से इस बात पर ज़ोर दिया है कि मंच पर वरिष्ठ रचनाकारों के साथ-साथ युवा लेखकों और कवियों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा।

### उद्घाटन सत्र में पहुंचेंगी बड़ी हस्तियां

उत्सव के पहले दिन उद्घाटन सत्र में राज्यसभा सांसद हरिवंश विशेष रूप से शामिल होंगे। पूरे तीन दिन चलने वाले इस आयोजन की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। उनकी मौजूदगी से कार्यक्रम को नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद है।

### नाटक 'चाणक्य' रहेगा पहले दिन का मुख्य आकर्षण

पहले दिन का प्रमुख आकर्षण प्रसिद्ध अभिनेता मनोज जोशी द्वारा मंचित नाटक "चाणक्य" होगा। यह नाटक भारतीय राजनीति, कूटनीति और रणनीति की ऐतिहासिक झलक को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेगा, जो दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव रहेगा।

### मीडिया जगत की हस्तियों का भी होगा व्याख्यान

रायपुर साहित्य उत्सव में मीडिया जगत की चर्चित हस्तियां भी अपने विचार साझा करेंगी। इसी कड़ी में एनडीटीवी के अखिलेश शर्मा भी एक विशेष सत्र को संबोधित करेंगे। उनके व्याख्यान से मीडिया, समाज और समय से जुड़े मुद्दों पर नई दृष्टि मिलने की उम्मीद है।

### छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को मिलेगा नया मंच

आयोजकों के अनुसार, रायपुर साहित्य उत्सव न केवल साहित्यिक संवाद को बढ़ावा देगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को भी राष्ट्रीय मंच पर और मजबूती से स्थापित करेगा। यह आयोजन राज्य के लिए गर्व का विषय होने के साथ-साथ आने वाले वर्षों में एक बड़ी साहित्यिक परंपरा की नींव रखने जा रहा है।







आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹112983/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹137990/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹150629/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels
Pandri, Raipur



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026


## शिक्षकों के पांच हजार पदों पर व्यापम से होगी भर्ती सीएम का आदेश फरवरी तक विज्ञापन हो जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पांच हजार शिक्षकों की भर्ती के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उक्त शिक्षक भर्ती व्यापमं के माध्यम से की जाए तथा इसके लिए फरवरी 2026 तक विज्ञापन जारी किया जाए, ताकि समयबद्ध तरीके से नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण हो सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य में शिक्षकों की कमी को गंभीरता से लेते हुए 5000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया तत्काल ▶▶| शेष पेज 5 पर


100+ वक्ता
30+ सत्र
10+ प्रकाशक
35+ बुक स्टॉल
07+ श्रेणियों में ओपन माइक
रायपुर साहित्य उत्सव
उद्घाटन समारोह
23 जनवरी, 2026 | सुबह 10 बजे
पुरखौती मुक्तांगन
साहित्य का संगम


### 149 घटनाओं का मास्टरमाइंड था मारा गया दा, 11 की हुई शिनाख्त

# नक्सलियों के टॉप लीडर अनल समेत 15 को फोर्स ने मार गिराया, 2.85 करोड़ था इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चाईबासा

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा इकाई के लगभग 1,500 जवान सारंडा जंगल के कुमडी में किरीबुरु थाना क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में उलझे हैं। पुलिस मुख्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है, हमने माओवादियों के शीर्ष नेता पतिराम माझी उर्फ अनल दा समेत 15 माओवादियों के शव बरामद किए हैं। भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। सुबह छह बजे शुरू हुई मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि सारंडा के जंगल में मंगलवार से ही माओवाद विरोधी अभियान चल रहा है, लेकिन ▶▶| शेष पेज 5 पर

खास खबर

*झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली नेता अनल दा समेत 15 माओवादी मारे गए। अनल दा पर एक करोड़ रुपए का इनाम था। 15 नक्सलियों में 11 की शिनाख्त हो गई है। मारे गए नक्सलियों पर कुल 2 करोड़ 85 लाख रुपए का इनाम था।*

### भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद




### नक्सलवाद खत्म करने प्रतिबद्ध

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि केंद्र सरकार 31 मार्च, 2026 से पहले देश से नक्सलवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड में 2001 से 2025 के बीच 11,000 से अधिक माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। लगभग 250 मारे ▶▶| शेष पेज 5 पर

### 1987 से सक्रिय था अनल दा

झारखंड पुलिस के आईजी (ऑपरेशन) माइकल राज एस ने पीटीआई को बताया कि पुलिस को सारंडा जंगल में अनल दा और उसके साथियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया। गिरिडीह जिले के पीरतंद निवासी अनल दा 1987 से सक्रिय था। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### भागने के सभी रास्ते बंद

झारखंड के आईजी (ऑपरेशन) माइकल राज ने कहा कि माओवादियों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है और गोलीबारी अभी भी जारी है। भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त बल भेजे गए हैं और साथ ही तलाशी अभियान भी शुरू किया गया है। आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है। यह अभियान सारंडा वन के भीतर भौगोलिक रूप से बेहद ▶▶| शेष पेज 5 पर

### माओवादी दस्तों पर अंतिम हमले के लिए रोडमैप

*गौरतलब है कि सीआरपीएफ के महानिदेशक (ऑपरेशन) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को चाईबासा में एक रणनीति बैठक के दौरान प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) दस्तों पर अंतिम हमले के लिए रोडमैप को अंतिम रूप दिया था, जिनका नेतृत्व केंद्रीय समिति के सदस्य मिसिर बेसरा उर्फ निर्भय, असीम मंडल उर्फ तिमिर और पतिराम मांझी उर्फ अनलदा कर रहे थे। झारखंड में कोल्हान और सारंडा को माओवादियों का अंतिम गढ़ माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बुडा पहाड़, चतरा, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, रांची और पारसनाथ में उनकी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से सीमित कर दिया है।*

## टी-20 मैच खेलने पहुंची भारत- न्यूजीलैंड टीम, आज 7 बजे से होगा महामुकाबला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में शुक्रवार को खेले जाने वाले दूसरे टी-20 मैच के लिए टीम इंडिया और न्यूजीलैंड की टीम गुरुवार को रायपुर पहुंच गईं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों टीमें एयरपोर्ट से सीधे होटल हायत और कोर्टयार्ड बाय मैरियट के लिए रवाना हुईं। एयरपोर्ट पर फैंस का उत्साह देखने लायक था। कोई हार्दिक पांड्या की तस्वीर लेकर पहुंचा था, तो कई बच्चे ऑटोग्राफ के लिए कॉपी-पेन लेकर खड़े थे। जैसे ही ▶▶| शेष पेज 5 पर

- सुर्या-हार्दिक को देख गूंजा एयरपोर्ट, कड़ी सुरक्षा के बीच होटल पहुंची टीमें

### छत्तीसगढ़ की परंपरा से किया स्वागत

*जैसे ही टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के खिलाड़ी एयरपोर्ट से होटल पहुंचे, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धुनों और लोक नृत्य के जरिए जबरदस्त स्वागत हुआ। पारंपरिक वेशभूषा में लोक कलाकारों ने ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते हुए भारत की सांस्कृतिक विविधता का शानदार परिचय दिया। छत्तीसगढ़ की परंपरा अनुसार सभी का स्वागत किया गया।*


नवधा भक्ति कथा
स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज
31 जनवरी - 1 फ़रवरी 2026 | 2:30 PM to 5:30 PM
कथा स्थल : होटल बेबीलोन इंटरनेशनल, रायपुर
"केवल आमंत्रण द्वारा प्रवेश"



प्रस्तुतकर्ता: Shree Cement BANGUR CEMENT
पंजीकरण के लिए QR Code स्कैन करें

### दावोस में वार्षिक विश्व आर्थिक मंच से की घोषणा

# ट्रंप ने 'शांति बोर्ड' का किया अनावरण, भारत रहा अनुपस्थित

एजेंसी ▶▶ दावोस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में स्थायी शांति स्थापित करने और संभवतः वैश्विक संघर्षों का समाधान करने की दिशा में काम करने के लिए प्रस्तावित 'शांति बोर्ड' का बृहस्पतिवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में औपचारिक रूप से अनावरण किया, लेकिन भारत इस मौके पर अनुपस्थित रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन कई वैश्विक नेताओं में शामिल थे जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के तहत घोषित बोर्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस स्थित पहाड़ी रिसॉर्ट में आयोजित वार्षिक विश्व आर्थिक मंच के इतर इस समारोह की मेजबानी की। ट्रंप ने अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए इस बोर्ड को 'दुनिया के लिए एक बेहद अनोखी पहल'' बताया। ट्रंप के नेतृत्व में गठित बोर्ड के शीर्ष स्तर में ''विशेष रूप से'' राष्ट्राध्यक्ष ही शामिल होंगे।



### बोर्ड दुनियाभर के युद्धों को रोकेगा : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बोर्ड के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह में कहा, ''यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर न केवल पश्चिम एशिया में, बल्कि अन्य जगहों पर भी युद्धों को सुलझाने में मदद कर सकता है।'' हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ किस प्रकार सहयोग करेगा।

**कार्यकारी समिति में भारत सहित ये देश शामिल :** कार्यकारी समिति में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर, पश्चिम एशिया मामलों के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, व्यवसायी और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा को शामिल किया गया है।

### भारत सहित ये देश भी रहे नदारद

भारत के अलावा फ्रांस, ब्रिटेन, चीन, जर्मनी और कई अन्य प्रमुख देश भी न्योते के बावजूद 'शांति बोर्ड'के अनावरण समारोह से नदारद रहे। जर्मनी, इटली, पैराग्वे, रूस, स्लोवेनिया, तुर्किये और यूक्रेन सहित कई देशों ने निमंत्रण के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है।

### शांति बोर्ड में ये देश हुए शामिल, कई ने काटी कन्नी

'शांति बोर्ड' में शामिल होने वाले देशों में अर्जेंटीना, अर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, मिस्र, हंगरी, कजाकिस्तान, मोरक्को, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात(यूएई), सऊदी अरब और वियतनाम शामिल हैं। जर्मनी, इटली, पैराग्वे, रूस, स्लोवेनिया, तुर्किये और यूक्रेन सहित कई देशों ने निमंत्रण के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है।

### क्या कहा गया है बोर्ड के घोषणा पत्र में

*हालांकि, बोर्ड के 'घोषणापत्र' में कहा गया है कि यह ''एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो संघर्ष से प्रभावित या खतरे में पड़े क्षेत्रों में स्थिरता को बढ़ावा देने, विश्वसनीय और वैध शासन को बहाल करने और स्थायी शांति सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि स्थायी शांति के लिए व्यावहारिक निर्णय, सामान्य ज्ञान पर आधारित समाधान और उन दृष्टिकोणों और संस्थानों से अलग होने का साहस आवश्यक है जो अक्सर विफल रहे हैं।*

### मुंबई में 29 शहरों के महापौर का आरक्षण लाटरी के आधार पर तय

# बीएमसी में होगी महिला मेयर तेजस्वी का नाम उछला

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बीएमसी में मेयर पद महिला को ही मिलेगा। भा ज पा - शि व से ना मिलकर महापौर का नाम तय करेंगे। नवी मुंबई में भी महापौर पद महिला को मिलेगा, जबकि ठाणे में एससी वर्ग से बनेगा। शहरी विकास विभाग ने गुरुवार को लॉटरी के जरिए आरक्षण तय किया, जिसके आधार पर बीएमसी मेयर पद पर महिला की ताजपोशी होगी। महाराष्ट्र सरकार के शहरी विकास विभाग ने गुरुवार को एक लॉटरी व्यवस्था के तहत विभिन्न नगर पालिकाओं के लिए आरक्षण व्यवस्था तय की।

### घोसालकर का नाम सबसे आगे चल रहा

मुंबई मेयर पद की रेस में भाजपा की ओर से जिन महिला नगरसेवक का नाम सबसे आगे चल रहा है वह नाम तेजस्वी घोसालकर का है। दहिसर के वार्ड नंबर 2 से चुनी गईं तेजस्वी भी मेयर पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। तेजस्वी दूसरी बार मुंबई महानगर पालिका में जा रही हैं। पहले उद्धव ठाकरे की शिवसेना में रहीं तेजस्वी ने मुंबई महापालिका चुनाव से कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल होकर जीत हासिल कर अपना राजनीतिक कद बढ़ाया है।

### नागपुर महानगरपालिका में भी महिला को कमान

मुंबई, पुणे, नागपुर महापालिकाओं में भी महिलाओं के हाथों में कमान होगी। लॉटरी में यह पद भी महिलाओं को आरक्षित किया गया है। देश की सबसे अमीर महानगरपालिका मुंबई बीएमसी समेत पुणे, नागपुर और नाशिक के मेयर की कुर्सी अब सामान्य श्रेणी (महिला) के लिए आरक्षित कर दी गई है। उद्धव सेना का आरोप है कि रोटेशन और आरक्षण की प्रक्रिया को सत्ता के फायदे के हिसाब से मोड़ा गया है ताकि कुछ खास चेहरों का रास्ता साफ किया जा सके।

## 40 लाख की लूट में कबाड़ी समेत चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में 40 लाख रुपये की लूट की साजिश रचने के आरोप में एक कबाड़ कारोबारी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, मुख्य साजिशकर्ता कबाड़ कारोबारी अमिताभ अग्रवाल ने 19 जनवरी को शिकायतकर्ता कमल यादव को एक व्यापारिक लेनदेन के सिलसिले में 40 लाख रुपये सौंपने के लिए बुलाया था। अग्रवाल ने नकदी देने के बाद अपने दो साथी वीरेंद्र कुमार और पवन शर्मा व एक अन्य को शिकायतकर्ता से लूटपाट के लिए भेजा। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई कार और स्कूटर को जब्त कर लिया गया है। लूटी गई पूरी रकम बरामद कर ली गई है।

## फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने स्थापित किया 200वां विशाल राष्ट्रीय ध्वज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अपनी महान विरासत और देशभक्ति के अद्भुत संगम को दर्शाते हुए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने आज मणिपुर की राजधानी इम्फाल स्थित ऐतिहासिक कांगला फोर्ट में अपना 200वां विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किया। यह अवसर दो महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धियों का प्रतीक है। पहला, दिल्ली उच्च न्यायालय के उस ऐतिहासिक निर्णय के 30 वर्ष, जिसने नागरिकों को सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार दिया। दूसरा सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के 22 वर्ष, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज फहराने को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई। यह कार्यक्रम फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल की मेहनत और उनके लंबे संघर्ष को याद करने का एक खास मौका है।

**खास बातें**

- अदालतों से मणिपुर के कांगला फोर्ट तक
- 23 जनवरी को 'राष्ट्रीय ध्वज दिवस' घोषित करने का प्रस्ताव

### दस करोड़ की संपत्ति जब्त

## अति.कलेक्टर के घर से निकला 2 किलो सोना, नोटों का पहाड़

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

दक्षिण भारत के तेलंगाना राज्य से भ्रष्टाचार का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एंटी-करप्शन ब्यूरो की टीम ने हनुमकोंडा जिले के निलंबित अतिरिक्त कलेक्टर आररामदा वेंकट रेड्डी के ठिकानों पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई में अधिकारियों को नोटों की गड्डियां और दो किलो से ज्यादा मात्रा में सोना मिला है। जांच एजेंसी ने आरोपी अधिकारी के पास से करीब 10 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की है।

बता दें कि वेंकट रेड्डी को 5 दिसंबर 2025 को रंगे हाथों पकड़ा गया था। वह एक प्राइवेट स्कूल के नवीनीकरण की फाइल पास करने के बदले 60,000 रुपये की रिश्वत ले रहे थे। उस समय वह तेलंगाना शिक्षा विभाग में प्रभारी संयुक्त सचिव भी थे। रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। तेलंगाना में एसीबी की यह अब तक की बड़ी कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है।

### दो किलो सोना और लाखों का कैश

एसीबी की टीमों ने हैदराबाद, नालगोंडा और मिर्यालगुड़ा में एक साथ दबिश दी। यह छापेमारी हनुमकोंडा जिले के निलंबित अतिरिक्त कलेक्टर आररामदा वेंकट रेड्डी के ठिकानों पर हुई। अधिकारियों की आंखें तब फटी रह गईं जब उन्हें घर से 2 किलोग्राम सोना मिला। इसके अलावा घर में 30 लाख रुपये नकद रखे हुए थे। अधिकारियों को बैंक लॉकर से भी 42 लाख रुपये मिले हैं।

### बसंत पंचमी पर सुप्रीम आदेश

# भोजशाला में पूजा और नमाज दोनों होगी, समय अलग-अलग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादित भोजशाला को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने कहा कि बसंत पंचमी पर भोजशाला में हिंदू पक्ष के लोग सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा करेंगे और दोपहर 1 से 3 बजे तक मुस्लिम समुदाय जुमे की नमाज पढ़ सकेगा। दरअसल आज 23 जनवरी को बसंत पंचमी और जुमे का दिन साथ है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने की। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पास जारी कर सकता है या अप्रिय घटना रोकने के लिए अन्य तरीका अपना सकता है। सुरक्षा के लिए करीब 7,000 जवान, 20 ड्रोन और 1,000 कैमरों से नजर रखी जा रही है। कोर्ट ने कहा कि दोपहर 1 से 3 बजे तक नमाज के लिए परिसर के भीतर ही एक अलग और विशेष स्थान उपलब्ध कराया जाए। आने और जाने के लिए अलग-अलग रास्ते हों, ताकि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इसी तरह हिंदू समुदाय को भी धार्मिक अनुष्ठान के लिए परिसर में अलग स्थान उपलब्ध कराया जाए।

» हिंदू पक्ष सूर्योदय से सूर्यास्त तक करेगा पूजा, दोपहर 1 से 3 बजे तक होगी जुमे की नमाज



### भोजशाला मस्जिद को लेकर क्या है विवाद?

हिंदू समुदाय ढांचे को सरस्वती मंदिर, जबकि मुस्लिम समुदाय मस्जिद कहता है। 2003 में हिंसा के बाद यहां हर मंगलवार और बसंत पंचमी पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदू समुदाय पूजा करता है। वहीं, शुक्रवार यानी जुमे को मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज पढ़ते हैं। हालांकि, जब-जब बंसत पंचमी शुक्रवार के दिन आती है, तब-तब विवाद की स्थिति पैदा होती है। इससे पहले 2013 और 2016 में भी बसंत पंचमी और शुक्रवार साथ होने पर तनाव की स्थिति बनी थी।

### दोनों पक्षों ने दीं अपनी-अपनी दलीलें

हिंदू पक्ष ने दलील दी कि बसंत पंचमी पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा होगी। वहीं, मुस्लिम पक्ष ने कहा कि दोपहर 1 से 3 तक नमाज होगी उसके बाद परिसर खाली कर दिया जाएगा। इस पर हिंदू पक्ष ने सुझाव दिया कि नमाज शाम 5 बजे बाद पढ़ी जाए। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि जुमे की नमाज का समय बदला नहीं जा सकता।

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.



डॉ. शिवेंद्र अग्रवाल
कंसल्टेंट
यूरोलोजिस्ट, एंड्रोलॉजिस्ट,
किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन
08+ वर्षों से अधिक का अनुभव

आपके स्वास्थ्य को पुरानी तकनीक नहीं आधुनिक और सुरक्षित इलाज चाहिए।

| Myths | Facts |
|---|---|
| BPH एक सामान्य बीमारी है, किसी भी डॉक्टर से इलाज हो सकता है। | BPH एक विशेषीकृत यूरोलॉजिकल बीमारी है। |
| यदि पेशाब में समस्या है, तो सीधी सर्जरी ही इलाज है। | अधिकतर BPH मरीज दवाइयाँ, जीवनशैली बदलाव या observation से ठीक हो जाते हैं। |
| सभी prostate सर्जरी एक ही तरह की होती हैं। | सर्जरी के नतीजे इस पर निर्भर करते हैं: • उपचार तकनीक • प्रोस्टेट का आकार • मरीज की सही चयन • डॉक्टर का अनुभव और प्रशिक्षण |
| TURP या कोई भी प्रोस्टेट सर्जरी हमेशा दर्द और लक्षण ठीक कर देती है। | सिर्फ सर्जरी होना ही काफी नहीं है |
| प्रोस्टेट सर्जरी बिल्कुल सुरक्षित है। | अगर विशेषज्ञ ज्ञान और अनुभव सही नहीं होगा, तो जोखिम बढ़ जाते हैं, जैसे: • तेज़ रक्तस्राव • पेशाब का नियंत्रण खोना • यूरेथ्रल स्ट्रिक्चर • ब्लैडर नेक कॉन्ट्रैक्चर • रेट्रोग्रेड इजैक्युलेशन • अधूरी रिसेक्शन → लक्षण न सुधरना • दोबारा सर्जरी की आवश्यकता |

सही मूल्यांकन और इलाज केवल एक प्रशिक्षित यूरोलॉजिस्ट ही कर सकता है – जो प्रोस्टेट का आकार, रुकावट की गंभीरता, ब्लैडर की क्षमता, PSA की व्याख्या और सही उपचार (दवाइयाँ, एन्यूक्लिएशन, TURP, HOLEP आदि) चुनने में विशेषज्ञ होता है।

सर्जरी सिर्फ तभी चाहिए जब बार-बार infection, blockage, ब्लैडर स्टोन, या दवाइयों से राहत न मिले।

अगर जांच (जैसे Qmax, PVR, PSA, अल्ट्रासाउंड, IPSS स्कोर, bladder function) सही नहीं होगी तो परिणाम ठीक नहीं मिलते और लक्षण बने रह सकते हैं या दोबारा इलाज की ज़रूरत पड़ सकती है।

इलाज शुरू करने से पहले ये सवाल ज़रूर पूछें:

"क्या आप TRAINED UROLOGIST हैं?"
केवल विशेषज्ञ ही stone, prostate या urinary समस्या को सही तरीके से जांच और इलाज कर सकते हैं।

"क्या आधुनिक और सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं?"
आज की तकनीक से कम दर्द, तेज़ रिकवरी और बेहतर परिणाम मिलते हैं।

"क्या यह इलाज पूरी तरह सफल परिणाम देगा?"
पूछें: सफलता दर, जटिलताएँ, और फिर से इलाज की ज़रूरत।

अनुभवी डॉक्टर चुनें। • बेहतरीन, सुरक्षित इलाज चुनें। • जान-समझकर इलाज कराएं।

अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़
+91 7880110000, +91 7880120000 www.itsahospitals.com




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी








## गजकेसरी संग सर्वार्थ सिद्धि संयोग, सूर्य-बुध बनाएंगे बुधादित्य योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विशेष योग-संयोग में आज पूजा-अर्चना होगी। हर साल माघ माह की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था, इसलिए बसंत पंचमी को सरस्वती जन्मोत्सव के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन विद्या और कला की देवी विधिपूर्वक पूजा करने से बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होती है। इस दिन कई दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। बसंत पंचमी के दिन चंद्रमा मीन राशि में प्रवेश करेंगे। साथ ही इस दिन ▶▶|शेष पेज 5 पर

**रात्रि 2 बजे से प्रारंभ हुई पंचमी तिथि, मध्यरात्रि पश्चात 2.28 तक व्याप्त रहेगी तिथि**

**पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 15 मिनट से दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक**



### मिलेंगे 3 विशेष मुहूर्त

- इस साल सरस्वती पूजा का श्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 13 मिनट से दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक बना रहेगा।
- द्वितीय मुहूर्त अभिजीत दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से 12 बजकर 54 मिनट कर रहेगा।
- तृतीय मुहूर्त अमृतकाल सुबह 09 बजकर 31 मिनट से 11:05 तक रहेगा।

### उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का योग व चार ग्रहों की युति

पंचांग के अनुसार, माघ माह की पंचमी तिथि का आरंभ गुरुवार मध्यरात्रि पश्चात 2 बजे हो चुका है।। पंचमी तिथि का समापन 24 जनवरी अर्थात आज मध्यरात्रि पश्चात 1 बजकर 46 मिनट पर होगा। बसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 15 मिनट से दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। बसंत पंचमी पर पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र बना रहेगा, जो दोपहर 2 बजकर 32 मिनट तक रहेगा। इसके बाद उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का योग रहेगा। इस दिन परिध और शिव योग भी बना हुआ है। ज्योतिषियों के मुताबिक, मकर में सूर्य, बुध, मंगल और शुक्र विराजमान हैं। इन ग्रहों की युति से चतुर्ग्रही योग का निर्माण हो रहा है। ऐसे में बसंत पंचमी पर इसका शुभ प्रभाव भी बना रहेगा।

## आतंकी ऑपरेशन में जा रही सेना की गाड़ी खाई में गिरी, 10 शहीद

### दर्दनाक हादसा, 11 जवानों को किया गया एयरलिफ्ट

एजेंसी ▶▶| भद्रवाह/जम्मू

सैनिकों को आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए ले जा रहा सेना का एक बख्तरबंद वाहन को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे उसमें सवार 10 जवानों की शहादत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर लगभग 9,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित खन्नी टॉप पर उस समय हुआ, जब सेना के बुलेटप्रूफ वाहन 'कैस्पर' के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और यह 200 फुट गहरी खाई में जा गिरा। 'कैस्पर' एक 'माइन-रेजिस्टेंट एंबुश प्रोटेक्टेड (एमआरएपी)' वाहन है, जिसे सैनिकों को ▶▶|शेष पेज 5 पर

- नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में बंट जाएंगे पुलिस के अधिकार



### खराब मौसम बनी हादसे की वजह

भद्रवाह के अतिरिक्त उपायुक्त सुमित कुमार भुटयाल ने बताया, सेना का एक वाहन हादसे का शिकार हो गया, जिससे हमने 10 जवान खो दिए और 11 अन्य घायल हो गए। व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, डोडा में खराब मौसम के बीच दुर्गम इलाके से गुजर रहा सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा।

### सीएम साय बोले- हृदयविदारक



जम्मू-कश्मीर के डोडा में सेना का वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिरने से 10 वीर जवानों को खोने का समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि वे दिवंगत वीर सैनिकों की आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असह्य दुख को सहन करने की असीम शक्ति दें। इस दुर्घटना में घायल सभी जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की हार्दिक कामना करता हूँ। ॐ शांति...

### रेल एसपी श्वेता सिन्हा को रायपुर ग्रामीण एसपी की जिम्मेदारी

## संजीव रायपुर के पहले पुलिस आयुक्त, कई के पदनाम बदले, तबादले भी, उमेद सिंह जशपुर एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में आज से पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू हो रही है। मुख्यमंत्री निवास में काफी विचार विमर्श के बाद रायपुर के पहले पुलिस कमिश्नर का ऐलान किया गया। बिलासुपर आईजी वरिष्ठ आईपीएस संजीव शुक्ला रायपुर के पहले पुलिस कमिश्नर बनाए गए हैं। उनके साथ कई अन्य अफसरों की पदस्थापना की गई है। कमिश्नर की नियुक्ति के साथ गृह विभाग ने बड़ा फेरबदल करते हुए 15 आईपीएस अफसरों के तबादला आदेश जारी किया है। रायपुर एसएसपी के पद पर पदस्थ लाल उमेद सिंह का स्थानांतरण जशपुर एसएसपी के पद पर किया गया है। इसी तरह रेल एसपी श्वेता सिन्हा को रायपुर ग्रामीण एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी के साथ ही राजपत्रित पुलिस अफसरों के पदनाम में बदलाव किया गया है। दो दर्जन राजपत्रित पुलिस अफसरों की जिम्मेदारी बदलने के साथ ▶▶|शेष पेज 5 पर


संजीव शुक्ला


श्वेता सिन्हा


लाल उमेद सिंह

### आज से बदल जाएगा रायपुर जिला पुलिस का नक्शा

छत्तीसगढ़ पुलिस के इतिहास में रायपुर जिला पुलिस का नक्शा शुक्रवार से बदल जाएगा। इसके साथ ही पुलिस की कमिश्नरी प्रणाली रायपुर के नगरीय इलाकों के 21 थाना क्षेत्रों में लागू हो जाएगी। खास बात ये है कि अब रायपुर जिला ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक और रायपुर के पुलिस कमिश्नर के बीच क्षेत्राधिकार का बंटवारा भी लागू होगा।

### पुलिस कमिश्नरेट में इन्हें मिली जिम्मेदारी

गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुलिस आयुक्त संजीव शुक्ला के अलावा अन्य पदों पर वर्ष 2009 बैच के आईपीएस कांकेर डीआईजी अमित तुकाराम कांबले अतिरिक्त पुलिस आयुक्त होंगे। उमेश कुमार गुप्ता सेना 14 वीं वाहिनी बालोद की नियुक्ति रायपुर

### रामगोपाल अब बिलासपुर आईजी

कुछ अन्य आईपीएस अफसरों की स्थानातरंण सूची इस प्रकार से है। दुर्ग आईजी राम गोपाल गर्ग का स्थानांतरण बिलासपुर आईजी के रूप में की गई है। इसी तरह राजनांदगांव आईजी अभिषेक शांडिल्य दुर्ग आईजी, पीएचक्यू में पदस्थ बालाजी राव राजनांदगांव आईजी, रायपुर एसएसपी लाल

### इन राजपत्रित पुलिस अफसरों के पदनाम में बदलाव

जिन दो दर्जन पुलिस अफसरों के पदनाम के साथ जिम्मेदारी बदली गई है उनकी सूची इस प्रकार से है, एएसपी सिटी तारकेश्वर पटेल मध्य क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, एएसपी राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रायपुर पश्चिम, एएसपी ग्रामीण आकाश मरकाम अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रायपुर उत्तर, एएसपी नवा रायपुर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक, एएसपी पश्चिम डीआर पोर्ते अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ट्रैफिक, एएसपी सीएम सुरक्षा गौरव मंडल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम, साइबर, अनुज गुप्ता एएसपी ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम, साइबर, एएसपी बिलासपुर अर्चना झा का स्थानांतरण अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त हेडक्वार्टर, प्रशिक्षण डीएसबी, अजाक, सीएडब्लू स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा अन्य 16 डीएसपी रैंक के पुलिस अफसरों के पदनाम में बदलाव किया गया है।

## आबकारी उप निरीक्षक के 80 पदों पर सुबह भर्ती का आदेश निकला, शाम को रद्द

### शासन के अनुमोदन के बिना अफसर ने जारी कर दिया था आदेश
### मंत्री बोले-किसी को घबराने, निराश होने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद पहली बार आबकारी उपनिरीक्षक के 80 पदों पर सीजी पीएससी के जरिए सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत नियुक्ति का आदेश जारी हुआ। सुबह ये आदेश जारी हुआ और शाम को नियुक्तयां निरस्त करने का दूसरा आदेश भी जारी हो गया। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार शासन के अनुमोदन के बिना पहला आदेश जारी हो गया था जो नियमों के विपरीत है। इस मामले में आबकारी मंत्री ▶▶|शेष पेज 5 पर



### शासन के अनुमोदन के बाद जारी होगा आदेश

इस संबंध में आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी अभ्यर्थी को घबराने या निराश होने की जरुरत नहीं है। शासन के अनुमोदन ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ये है मामला

राज्य में आबकारी उप निरीक्षक के 80 पदों पर नियुक्ति का आदेश आबकारी आयुक्त कार्यालय ने 21 जनवरी को सुबह जारी किया। ये भर्ती सीजी पीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा के आधार पर की जा रही थी। इस आदेश में 80 लोगों की नियुक्ति की गई थी, लेकिन आदेश जारी होने के बाद शाम तक कहानी बदल गई। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो भर्ती का आदेश जारी होने से पहले आबकारी आयुक्त कार्यालय को विभाग सचिव एवं मंत्री का अनुमोदन लेना था, लेकिन यह नहीं किया गया था। जैसे ही सरकार को इस तरह आदेश जारी करने की सूचना मिली। नाराजगी के बाद आदेश निरस्त करने का एक नया आदेश जारी कर दिया गया।

### एक अधिकारी की गलती, जारी हुआ नोटिस

बताया गया है कि आबकारी कमिश्नर कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की गलती से ये आदेश जारी कर हो गया था। इस अधिकारी का दायित्व था कि आदेश जारी करने के पहले उन्हें सक्षम अधिकारी एवं सरकार से अनुमोदन प्राप्त करना था। अब यह मामला साफ होने के बाद संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

**धमके से आसपास अफरा-तफरी मच गई**

## इस्पात संयंत्र में ब्लास्ट छह श्रमवीरों की मौत



### अफसर पहुंचे घटना स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

बलौदा बाजार इलाके में इस्पात संयंत्र स्पंज आयरन में डस्ट चेम्बरिंग परिवहन (डीएससी) लीक होने से जोरदार विस्फोट हो गया, जिससे वहां प्लेटफार्म पर काम कर रहे 6 मजदूरों को मौके पर मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना में 5 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि जिसे सुनकर अफरा तफरी मच गई और धुएं का गुबार ▶▶|शेष पेज 5 पर

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हडकंप मच गया और जिले के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गए। ▶▶|शेष पेज 5 पर

**यह हैं मृतक:** श्रवण कुमार (22), राजदेव कुमार (22), जितेन्द्र भुईयां (37), बद्री भुईया (40), सुन्द भुईया (40)
**घायल:** कल्पु भुईया (44), रामू भुईया (34), सब्बीर अंसारी (34), मुमताज अंसारी (26), सराफा अंसारी (32)

### सीएम साय ने दुख जताया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बलौदा बाजार जिले के फैक्ट्री में हुए भयावह विस्फोट की घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदना। इस दुख की घड़ी में उनकी हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी।



## चिंतन

# ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में सिर्फ यूएस की ही चलेगी

दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गठित 'बोर्ड ऑफ पीस' को शांति के एक नए वैश्विक मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन इसके ढांचे, नेतृत्व और सदस्यता पर नज़र डालें तो यह पहल शांति से ज़्यादा सत्ता और प्रभुत्व की कहानी कहती है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पहले से मौजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाओं के रहते एक नए मंच की आवश्यकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है, खासकर तब जब उसका स्वरूप लोकतांत्रिक कम और व्यक्तिगत नियंत्रण वाला अधिक प्रतीत हो। इस बोर्ड की सबसे असाधारण और विवादास्पद बात इसकी अध्यक्षता व्यवस्था है। डोनाल्ड ट्रंप इसके स्थायी अध्यक्ष होंगे, चाहे वे अमेरिका के राष्ट्रपति रहें या नहीं। अध्यक्ष को हटाने का प्रावधान भी लगभग प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह तभी संभव है, जब वे स्वयं इस्तीफा दें या कार्यकारी बोर्ड के सभी सदस्य उन्हें अयोग्य घोषित करें। चूंकि कार्यकारी बोर्ड के अधिकांश सदस्य ट्रंप द्वारा ही चुने गए हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि वास्तविक शक्ति पूरी तरह उनके हाथ में केंद्रित रहेगी। बोर्ड की सदस्यता सूची भी इसी असंतुलन को उजागर करती है। आठ मुस्लिम देशों कतर, तुर्किये, मिस्त्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को इसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, हंगरी, कजाकिस्तान, मोरक्को और वियतनाम जैसे देश भी इस पहल का हिस्सा बने हैं। ये सभी देश किसी न किसी रूप में अमेरिकी रणनीतिक प्रभाव के दायरे में आते हैं। इसके विपरीत चीन, रूस, जर्मनी, इटली और यूक्रेन जैसे प्रभावशाली देशों ने भी कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह तथ्य अपने आप में बोर्ड की वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। भारत द्वारा इस बोर्ड पर कोई स्पष्ट फैसला न लेना भी बेहद महत्वपूर्ण है। भारत की चुप्पी को इस रूप में देखा जा सकता है कि वह इस बोर्ड को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संभावित विकल्प के रूप में देख रहा है। सुरक्षा परिषद भले ही वीटो पावर और राजनीतिक गतिरोधों के कारण आलोचना झेलती रही हो, लेकिन उसकी वैधता और वैश्विक प्रतिनिधित्व को नकारा नहीं जा सकता। इसके मुकाबले 'बोर्ड ऑफ पीस' न तो किसी अंतरराष्ट्रीय संधि पर आधारित है और न ही इसमें दुनिया की बड़ी ताकतों की भागीदारी है। इस बोर्ड की प्रभावशीलता पर एक और बड़ा सवाल यह है कि इसमें अमेरिका के अलावा कोई भी वीटो पावर देश शामिल नहीं है। ऐसे में यह बोर्ड वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में कितना सक्षम होगा, यह संदेहास्पद है। जिन देशों को इसमें शामिल किया गया है, उनमें से कोई भी इतना राजनीतिक, आर्थिक या सैन्य रूप से शक्तिशाली नहीं है कि वह अमेरिका की इच्छा के विरुद्ध प्रभावी भूमिका निभा सके। इससे यह आशंका और गहरी होती है कि यह मंच वास्तव में स्वतंत्र निर्णयों के बजाय अमेरिकी एजेंडे को आगे बढ़ाने का साधन बन जाएगा। इज़राइल की आपत्ति भी इस पहल की विश्वसनीयता को कमजोर करती है। इज़राइल ने कहा है कि बोर्ड के गठन से जुड़ी शुरुआती बातचीत में उसे शामिल नहीं किया गया। मध्य पूर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शांति की कोई भी पहल इज़राइल की भागीदारी के बिना अधूरी मानी जाएगी। अब आने वाला समय ही बताएगा कि यह बोर्ड वास्तव में वैश्विक शांति में कोई सार्थक योगदान देता है या फिर यह इतिहास में एक ऐसे प्रयास के रूप में दर्ज होगा, जिसमें दुनिया की नहीं, बल्कि अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप की ही चलेगी।

# शाश्वत ऊर्जा और शौर्य का महोत्सव



वसंत पंचमी

डॉ. बलवीर आचार्य

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसन्त ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। वास्तव में वसन्त ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

माघ मास, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी का पर्व भारतीय सांस्कृतिक चेतना में उस संक्रमण बिन्दु का प्रतीक है, जहां जड़ता से चेतना की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर तथा अज्ञान से ज्ञान की ओर यात्रा प्रारम्भ होती है। यह पर्व प्रकृति के श्रृंगार, विद्या के शुभारम्भ, कलाओं के विकास, शौर्य, धैर्य और बलिदान की प्रेरणा का ऐसा संगम है, जो मानव मात्र को प्रेरित करता है कि वह ज्ञान-विज्ञान का विकास करता हुआ राष्ट्रभक्ति के भावों से ओत-प्रोत रहे।

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसंत ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। यह वह ऋतु है जिसे स्वयं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपनी विभूति स्वीकार करते हुए कहा है कि- 'मैं, ऋतुओं में वसंत हूं।' वैदिक काल-गणना के अनुसार, यह 'प्राण' की पुनरावृत्ति का समय है। इसीलिए समस्त शुभ कार्यों और बड़े अनुष्ठानों का आरम्भ वसंत से करने का विधान है। संगीत और वीणा 'नाद ब्रह्म' के रहस्य को प्रकट कर रहे हैं। भारतीय मनीषा मानती है कि यह ब्रह्माण्ड ध्वनि से निर्मित है। वसंत पंचमी इसी 'नाद' की पूजा है। वैदिक युग की गम्भीरता जब लौकिक संस्कृत साहित्य में अवतरित हुई, तो वसन्त, रस और सौन्दर्य के उन्मेष के साथ 'ऋतुराज' के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। महाकवि कालिदास ने 'ऋतुसंहार-6.2' में वसंत का मानवीकरण करते हुए लिखा कि- वसंत ऋतु में प्रकृति का कण-कण सुन्दरता की गोद में समाया हुआ है। वृक्ष पुष्प-पुंजों से पुष्पित हो रहे हैं, सरोवरों में कमल अपनी पूर्ण आभा के साथ खिल रहे हैं, समीर सुगंध से सुवासित है और अहोरात्र अत्यन्त मनोहर प्रतीत हो रहे हैं। प्राचीन भारत में वसन्तोत्सव और 'कौमुदी महोत्सव' सामाजिक समरसता के सबसे बड़े प्रतीक थे। इसके प्रमाण हमें संस्कृत के प्रसिद्ध नाटकों में मिलते हैं। सातवीं शताब्दी के सम्राट् हर्षवर्द्धन ने अपनी नाटिका 'रत्नावली' के प्रथम अंक में वसन्तोत्सव का सजीव वर्णन किया है- लोग केसर और कुमकुम के घोल से सराबोर होकर गलियों में नृत्य कर रहे हैं। यह इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है कि वसंत के समय समाज में ऊंच-नीच का भेद समाप्त हो जाता था और राजा-प्रजा साथ मिलकर उत्सव मनाते थे। विशाखदत्त के नाटक 'मुद्राराक्षस' में चन्द्रगुप्त मौर्य के समय कौमुदी महोत्सव के आयोजन का उल्लेख है। यद्यपि चाणक्य ने कूटनीतिक कारणों से इसे रोकने का आदेश दिया था, किन्तु यह सन्दर्भ स्पष्ट करता है कि मगध की जनता के लिए यह वर्ष का सबसे बड़ा उत्सव था, जिसमें पूर्ण चन्द्र की आभा में नगर को अलंकृत किया जाता था।

परम्परागत भारतीय समाज में बच्चों का विद्यारम्भ, अक्षर लेखन, गुरुकुल प्रवेश, वसंत पंचमी से प्रारम्भ होता था। भारत में इस पर्व के विविध रंग देखने को मिलते हैं। बंगाल में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन होता है। पण्डालों में देवी की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और छोटे बच्चों को 'हाते खोड़ी' कराया जाता है



अर्थात पहली बार अक्षर लिखना सिखाया जाता है। मथुरा और वृन्दावन के ब्रज क्षेत्र में इस दिन होली का औपचारिक आरम्भ माना जाता है। मन्दिरों में भगवान की प्रतिमाओं को गुलाल अर्पित किया जाता है। प्रयागराज और वाराणसी में गंगा स्नान का विशेष महत्व है। आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक आदि दक्षिण भारत के प्रान्तों में वसंत पंचमी पर्व को श्रीपंचमी कहा जाता है और इस पर्व को 'विद्यारम्भ' के रूप में मनाते हैं। बच्चों को चावल के दानों पर अंगुली से अक्षर लिखवाकर शिक्षा की शुरूआत कराई जाती है। वसंत केवल एक सांस्कृतिक अवधारणा नहीं, अपितु एक खगोलीय घटना है जो सम्पूर्ण पृथ्वी को प्रभावित करती है। खगोलीय रूप से जब सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक ऊपर होता है, तब दिन और रात की अवधि समान हो जाती है। इसे वेदों में 'विषुवत' कहा गया है। यह वैश्विक संतुलन का समय है। सूर्य के बढ़ते प्रकाश के कारण मनुष्यों में 'सेरोटोनिन' (प्रसन्नता का हार्मोन) का स्तर बढ़ता है और 'मेलाटोनिन' सन्तुलित होता है। यह प्राकृतिक रूप से अवसाद को समाप्त कर जीवनी शक्ति का संचार करता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है कि वसंत ऋतु में मानसिक अवसाद सबसे कम होता है। महर्षि चरक और सुश्रुत ने वसंत को स्वास्थ्य की दृष्टि से शरीर के शोधन कालमाना है। सर्दियों में शरीर में संचित 'कफ', वसंत की सूर्य-ऊष्मा से पिघलने लगता है। आधुनिक विज्ञान इसे 'लिम्फैटिक सिस्टम' की सफाई के रूप में देखता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह कफ यदि शोधित न हो, तो रोगों का जन्म देता है। इसीलिए आयुर्वेद में इस ऋतु में 'वमन' और नीम, शहद, जौ तथा चने जैसे कफ-नाशक पदार्थों के सेवन का वैज्ञानिक निर्देश है।

मुग़ल आधिपत्य के दौरान जब भारतीय त्योहार फीके पड़ रहे थे, तब शिवाजी महाराज ने वसन्तोत्सव और होली (शिमगा) जैसे उत्सवों को पुनः सार्वजनिक रूप से मनाना प्रारम्भ किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि 'मराठा' साम्राज्य में वसंत केवल फूलों का नहीं, अपितु शस्त्रों की पूजा (शस्त्र-पूजन) और आत्मविश्वास का पर्व बने। शिवाजी महाराज का 'भगवा ध्वज' साक्षात वसंत की अग्नि और त्याग का प्रतिनिधित्व करता है। उनके लिए यह रंग केवल एक ध्वज नहीं, अपितु उस 'ऋत' (शाश्वत नियम) का पालन था, जिसका वर्णन वेदों में वसंत के सन्दर्भ में मिलता है। पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल और भगत सिंह का प्रिय गीत है- "मेरा रंग दे बसन्ती चोला, माए रंग दे बसन्ती चोला" यहां 'बसन्ती' रंग सौन्दर्य का नहीं, अपितु बलिदान की उस अग्नि का प्रतीक है जो राष्ट्र को स्वतन्त्र करने के लिए प्रज्वलित हुई थी। वसंत ऋतु भारत की अखण्ड चेतना का दर्पण है। यह वेदों की ऋचाओं में 'पवित्रता' है, कालिदास के काव्यों में 'श्रृंगार' है, आयुर्वेद के ग्रन्थों में 'स्वास्थ्य' है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, वीर बालक हकीकत राय और रामप्रसाद बिस्मिल, सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों के रक्त में 'बलिदान' है।

यह ऋतु हमें सिखाती है कि सृजन के लिए पहले पुराने को छोड़ना पड़ता है और देश की रक्षा के लिए वसंत को 'केसरिया' के रंग में रंगना पड़ता है। वसंत का यह पंचमुखी रूप - वैदिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, स्वास्थ्यपरक और ऐतिहासिक, ही इसे विश्व की सभी ऋतुओं में 'राज' की पदवी प्रदान करता है- वसन्तराज। वास्तव में वसंत ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

(लेखक एमडीयू रोहतक में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष

प्रभात मिश्र

# वसंत पंचमी

क्या आपको पता है? सूर्य कांत त्रिपाठी निराला को वसंत ऋतु क्यों सर्वाधिक प्रिय है, निराला लिखते हैं- अभी न होगा मेरा अंत
अभी - अभी ही तो आया है

*मेरे वन में मृदुल वसंत , अभी न होगा मेरा अंत*
*हरे -हरे ये पात , डालियां, कलियां, कोमल गात।*
*मैं ही अपना स्वप्न - मृदुल -कर, फेरुंगा निद्रित कलियों पर*
*जगा एक प्रत्यूष मनोहर !*

वसंत मे आंनद भी है उल्लास भी साथ ही सृजन की विस्तीर्ण एक लंबी श्रृंखला को भी लिए हुए है शिशिर की लंबी रातें जैसे जैसे छोटी होती जाती हैं वैसे वैसे निराला की जुही की कली का सौन्दर्य खिल जाना चाहता है -

*विजन - वन वल्लरी पर सोती थी सुहाग -भरी - स्नेह - स्वप्न - मग्न*
*अमल - कोमल - तनु तरुणी जुही की कली,*
*दृग बंद किये, शिथिल,- पत्रांक में , वासंती निशा थी,*

निराला का वसंत कुमार संभव के वसंत से अलग है क्योंकि निराला निराला हैं वे आंखों और बादल के महान कवि हैं जहां का संसार विहंगम है अन्य छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत की दृष्टि से देखते हैं जिसमें वे आंखों से क्या देखते हैं अवलोक रहा बार-बार नीचे जल में निज महाकार जिसके चरणों में पला ताल दर्पण सा फैला है विशाल। सूर्य कांत त्रिपाठी निराला का रचना संसार केवल यहीं तक नहीं रुकना चाहता है वह तुलसीदास की तरह संबल प्रदान करते स्पष्ट दिखाई देते हैं और लिखते हैं - महाकाव्य राम की शक्ति पूजा शक्ति की करो मौलिक कल्पना भाव वही शाश्वत असत्य पर सत्य की विजय, अनैतिकता पर नैतिकता की विजय, ये शंखनाद पूर्णतः आधुनिक क्योंकि निराला जानते थे अंग्रेजों को हराना रावण को हराने के समान था इसलिए वो राम की शक्ति पूजा लंबी कविता रचते हैं निराला के राम नवीन हैं लोक नायक हैं लिखते हैं - होगी जय होगी जय हे पुरुषोत्तम नवीन कह महाशक्ति राम के बदन मे हुई लीन।




पराधीनता से स्वाधीनता, कदाचार से सदाचार की इस अविराम यात्रा के कथानक को समर्पण से जोड़ देते हैं अपनी इस लंबी कविता के माध्यम से निराला ने ये स्थापित किया कि मां सीता का अपहरण राष्ट्र की संस्कृति का अपहरण है अस्मिता का अपहरण है जिससे मुक्ति आवश्यक है यहां राम को शक्ति की उपासना का आव्हान करते ताकि आततायी रावण जो निरंकुश अंग्रेजी सत्ता का प्रतीक है उखाड़ फेका जा सकें इस पूरे क्रम में निराला का पाठकों से संवाद बेजोड़ है संवेदना, शिल्प व भाषा शैली अद्भुत व अभिभूत कर बहा ले जाती है ।

निराला के सृजन शक्ति में राष्ट्रीय मान बिन्दुओं के संरक्षण संवर्धन का आग्रह तीव्र है वहीं भावुक पिता का द्रवित ह्रदय जो पुत्री सरोज के असमय निधन से वेदना ग्रस्त हो सरोज स्मृति लिखते हैं जो एक शोक गीत है जीवन का एलबम भी जहां टूटने जुड़ने के दौर से गुज़र जाना चाहता है। निराला स्वतंत्र भारत में 14 वर्ष जीवित रहे उनके राम ने अंग्रेज रुपी रावण को देश से बाहर का रास्ता दिखा दिया था संकल्प पूरा हुआ पर तत्कालीन दौर की शासन व्यवस्था कोई पुरस्कार न दे सकी यद्यपि निराला ख़ून सूखाकर लिखने वाले कवि थे इससे कहीं परे थे विडंबना ही है कि निराला पर लिखी गई पुस्तकों को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ पर स्वयं निराला को नहीं मिल सका कहते हैं निराला का काव्य पाठ ओज और तेज़ लिए हुए था उनकी वाणी को भी तत्कालीन सरकारी व्यवस्था सुरक्षित नहीं रख पाई काश उनकी वाणी को सुरक्षित रख पाते मेघ- मंद्र - कंठ कभी न सुनने के लिए आज हम विवश हैं-

*जागो फिर एक बार! समर अमर कर प्राण , गान गाये महासिनधु से ।*

# शक्तिशाली मन ही सबका सच्चा साथी




संकलित

## दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का मन अनेक शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? संसार में सर्वाधिक प्राथमिक आवश्यकता है- शक्ति की। शारीरिक शक्ति के लिए भी मन की शक्ति का होना जरूरी है। मन का बल टूटते ही शरीर का बल टूट जाता है। मन मजबूत होता है, तो शरीर भी साथ देता है। मन दुर्बल हुआ, तो शारीरिक शक्तियां भी क्षीण होने लग जाती हैं। शक्ति का संचय और सुरक्षा का उपाय है, तनाव से बचना। मानसिक तनाव मन की शक्ति को और भावनात्मक तनाव आत्मा की शक्ति को क्षीण करता है।शक्ति का सबसे बड़ा रहस्य है, शरीर और मन दोनों का एक साथ रहना। जिसने दूसरों को जीता और अपने आपको नहीं जीता, वह दुर्बल है। मन और इच्छाओं को जीतना बहुत बड़ी लड़ाई है। प्रत्येक व्यक्ति का मन इन शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? आवश्यकता है मन को पटु, कुशल और सहिष्णु बनाने की। उसे इस तरह प्रशिक्षित करने की, जिससे कि हम शारीरिक और मानसिक शक्तियों का संतुलन बनाए रख सकें। कहा भी गया है कि 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' मन किसी भी अप्रिय घटना से ऐसा तड़प जाता है, जैसे चारों ओर से लाल चीटियों द्वारा डसा जाता घायल सर्प तड़पता है। बदला और प्रतिशोध तो चंचल मन की क्षुद्र कल्पनाएं हैं। प्रतिशोध से भरा मन यदि अवरुद्ध भावनाओं की खदबदाती दलदल है, तो प्रेम से भरा मन का हिमालय, गंगा के हिमालय पर्वत से भी ऊंचा है। मन की ऊंचाई के आगे हिमालय भी बौना है, इसलिए मन सुदृढ़ और प्रशिक्षित अश्व की भांति होना चाहिए।

# अपने लिए कठोर और दूसरों के लिए द्रवित रहो



संकलित

## प्रेरणा

वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज अपनी बातों से कई लोगों को सही राह दिखाते हैं। अपने प्रवचन के दौरान वह कई ऐसी बातें कहते हैं जिसका पालन अगर कर लिया जाए तो जिंदगी की आधी से ज्यादा मुश्किलें खत्म हो सकती हैं। अपने एकांतित वार्तालाप के दौरान वह कई लोगों के सवालों का जवाब देते हैं। हाल ही में एक बच्चे ने उनसे एक दिल छू लेने वाला सवाल किया। बच्चे ने पूछा कि हमें कब-कब कठोर होना चाहिए? इस पर प्रेमानंद महाराज ने बड़े ही सरलता से अपनी बात रखी। प्रेमानंद महाराज ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जगह-जगह पर अवसर पर किया जाता है। जिससे हमें लगे कि गलत है तो हम उसे कठोर करते हैं। कठोर हृदय से हम उसे सहते हैं। अब जहां हमारी कोई निंदा कर रहा है तो हम हमारे हृदय को कठोर कर लेते हैं। स्वभाव के कठोरता में सबकी कठोरता आ जाती है। स्वभाव में ही सब कुछ होता है। हृदय, वाणी, देखना और बोलना, उठना और बैठना सब आ जाएगा। जहां किसी को कष्ट हो रहा है, वहां हम द्रवित हो जाते हैं। जहां हमें कष्ट हो रहा है, वहां हम कठोर हो जाते हैं। हमारी कोई निंदा करें, उसे हम सह लेते हैं, लेकिन हम किसी की निंदा कभी नहीं कर सकते हैं। हमें कोई दुख दें। हम उसे कठोर भाव से सह लेंगे, लेकिन हम किसी को कठोर भाव से दुख दें, ऐसा कभी भी नहीं हो सकता है। प्रेमानंद महाराज ने आगे कहा कि अपने लिए कठोर रहो और दूसरों के लिए द्रवित रहो। दूसरों के लिए कठोर और अपने लिए द्रवित ये तो स्वार्थी लोगों का लक्षण है। परमार्तिक लक्षण है कि अपने लिए कठोर रहो। दूसरे को सर्दी लग रही है तो अपनी जैकेट उतार के दे दिया। अपने खुद सर्दी सह लेते हैं लेकिन दूसरे को नहीं नहीं हम उसके ठंड में कांपते हुए नहीं देख सकते हैं। ये है कठोरता। अपने लिए कठोर रहो लेकिन दूसरों के लिए मृदुता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है- एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *-विनय कुमार साहू*

## करंट अफेयर

# देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क पांच लाख सर्किट किमी के पार

देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क 220 किलोवोल्ट और उससे अधिक क्षमता वाली लाइन के साथ पांच लाख सर्किट किलोमीटर का आंकड़ा पार कर गया है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही देश की कुल 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता 1,407 गीगावोल्ट एम्पियर तक पहुंच गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से बिजली पारेषण के लिए भादला-दो से सीकर-दो सब-स्टेशन तक 765 किलोवॉट की 628 सर्किट किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन का संचालन शुरू करने के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ग्रिड ने यह उपलब्धि 14 जनवरी को हासिल की। इस लाइन के चालू होने से भादला, रामगढ़ और फतेहगढ़ सौर ऊर्जा परिसर के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से अतिरिक्त 1,100 मेगावाट बिजली पारेषण संभव हो सकेगा। मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2014 से अब तक देश के पारेषण नेटवर्क में 71.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में 2.09 लाख सर्किट किलोमीटर नई पारेषण लाइन जोड़ी गईं जबकि 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता में 876 गीगावोल्ट एम्पियर की बढ़ोतरी हुई। अंतर-क्षेत्रीय बिजली अंतरण क्षमता अब 1,20,340 मेगावाट तक पहुंच गई है जिससे विभिन्न क्षेत्रों के बीच निर्बाध बिजली आपूर्ति को संभव हुई है।



## ऑफ बीट

# बेंगलुरु दूसरा सबसे अधिक यातायात भीड़भाड़ वाला शहर

भारत का सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र बेंगलुरु वर्ष 2025 में विश्व स्तर पर दूसरा सबसे अधिक यातायात भीड़भाड़ वाला शहर रहा, जहां औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 74.4 प्रतिशत रहा। यह जानकारी नीदरलैंड स्थित 'लोकेशन टेक्नोलॉजी' कंपनी 'टॉमटॉम' के आंकड़ों से मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'टॉमटॉम' के वर्ष 2025 से संबंधित 'ट्रैफिक इंडेक्स' में मैक्सिको सिटी को शीर्ष स्थान पर रखा गया है, उसके बाद बेंगलुरु और डबलिन (आयरलैंड) का स्थान है। यह सूचकांक दुनिया भर के शहरों का मूल्यांकन औसत यात्रा समय और यातायात भीड़भाड़ के स्तर के आधार पर करता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाला, सार्वजनिक रूप से सुलभ डेटा उपलब्ध होता है। बेंगलुरु में पिछले वर्ष की तुलना में औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 1.7 प्रतिशत अंक बढ़ गया। चालकों ने औसतन 4.2 किलोमीटर की दूरी 15 मिनट में तय की, जबकि 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में औसतन 36 मिनट और नौ सेकंड का समय लगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यस्त समय के दौरान गाड़ियों की औसत गति घटकर 13.9 किमी प्रति घंटा हो गई। इसके अलावा, रिपोर्ट में 17 मई को शहर का सबसे खराब यात्रा दिवस बताया गया है।



## ट्रेंड

### मेरी हार्दिक संवेदनाएं



डोडा में हुए दुखद सड़क हादसे से मैं बेहद दुखी हूं, जिसमें भारतीय सेना के 10 बहादुर जवान शहीद हो गए। मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल जवानों को सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस कठिन समय में पूरा देश हमारे सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 'आप' के सीएम



मैं सोशल मीडिया पर देख रहा था कि इनके मुख्यमंत्री अपने परिवार के साथ स्विट्ज़रलैंड घूमने में व्यस्त हैं। एक तरफ़ ये छुट्टियां मना रहे हैं, दूसरी तरफ़ 'आप' के सीएम जनता के हेल्थ कार्ड बना रहे हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### काम का अधिकार



मोदी सरकार मनरेगा को ख़त्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। हमें मनरेगा और काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### औपनिवेशिक अत्याचार



ट्रम्प द्वारा ग्रीनलैंड पर संभावित कब्जे की नैतिकता पर बहस करते समय, अफ़्रीका में यूरोपीय लोगों द्वारा किए गए औपनिवेशिक अत्याचारों पर विचार करना उचित है। डेनमार्क ने स्वयं अफ़्रीका से लगभग पांच लाख गुलामों को अमेरिका भेजा था।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मान:** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्ह:** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वज:** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिता:** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।







कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव


## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब :** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक :** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य :** 395 रुपए, **प्रकाशक :** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2
तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3
एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189



1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



**बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू


**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शरद सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194



**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर



प्रमाण, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195





बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## बंगाल में एसआईआर पर तकरार

# कोर्ट के आदेश पर हो रहा सुधार कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश पर अमल शुरू कर दिया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप सभी सुधार करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने पुलिस महानिदेशक, पुलिस कमिश्नर और सभी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षकों को एसआईआर के दौरान सख्त कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आश्वस्त किया है किसी को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



## हॉलीवुड की 'टाइटैनिक' का भी तोड़ा रिकॉर्ड

# ऑस्कर नॉमिनेशन में 'सिनर्स' ने रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2025 में थिएटर्स के अंदर एक ऐसी फिल्म लगी थी, जिसने लोगों को एक ऐसा सिनेमैटिक एक्सपीरियंस दिया जो आज भी भुलाए नहीं भूलता है। मार्वेल की 'ब्लैक पैंथर' बनाने वाले डायरेक्टर रयान कूगलर अपनी फिल्म 'सिनर्स' लेकर आए, जिसने एक ऐसे ब्रह्मांड को हमारे सामने पेश किया जो हर फिल्मी लवर के दिलों में हमेशा के लिए बस गया। रयान कूगलर की 'सिनर्स' ने पिछले साल कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए थे। फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की थी। फिर इसने कई अवॉर्ड्स भी अपने नाम किए। गुरुवार के दिन ऑस्कर 2026 के नॉमिनेश की पूरी लिस्ट सामने आई, जिसमें सिर्फ 'सिनर्स' का ही जलवा दिखा। 'सिनर्स' ने लगभग 16 ऑस्कर कैटेगरी में अपनी जगह बनाई। इसमें बेस्ट पिक्चर, बेस्ट एक्टर, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट सिनेमैटोग्राफी जैसे अवॉर्ड नॉमिनेशन कैटेगरी भी शामिल हैं। 'सिनर्स' ने ऐसा कारनामा करके हॉलीवुड की बड़ी-बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड्स भी तोड़े हैं। 29 साल पहले आई 'टाइटैनिक' और 10 साल पहले आई 'ला ला लैंड' को 'सिनर्स' ने पछाड़ा है।



### क्या है ऑस्कर नॉमिनेटेड 'सिनर्स' की कहानी?

रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' एक ऐसी हॉरर-ड्रामा फिल्म है, जिसमें सुपरनैचुरल शैतानों का भौकाल नजर आता है। इसकी कहानी जुड़वा भाइयों की है, जो अपने गांव लौटते हैं। वहां अपने कजिन से मिलते हैं, जो एक ब्लू म्यूजिक सिंगर और गिटारिस्ट है। दोनों भाई एक क्लब खोलना चाहते हैं, जहां लोग आकर नाचे-गाएं और खाने-पीने के मजे लूटें। इसमें वो अपने साथ कई और कलाकारों को शामिल करते हैं। एक दिन वो उस क्लब में पार्टी रखते हैं जहां पूरा गांव आता है, लेकिन उस पार्टी में एक वैम्पायर की भी एंट्री होती है जो ब्लू म्यूजिक सिंगर के गाने से इंप्रेस होता है। उसे पाने की चाह में वो पूरी पार्टी में मौजूद लोगों को अपने जैसा वैम्पायर बना देता है। इसमें जुड़वा भाइयों में से एक भाई भी होता है, जो वैम्पायर जैसा बन जाता है। दूसरे भाई को अपने सिंगर कजिन की रक्षा करनी होती है। इसमें बहुत सारा एक्शन, ड्रामा और म्यूजिक का जबरदस्त तड़का लगाया जाता है, जो देखने में काफी शानदार है।

### भारत का टूटा सपना

*भारतीय सिनेमा से जुड़ी उम्मीदों को भी झटका लगा है। भारत की चर्चित फिल्म 'होमबाउंड' इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में अंतिम नॉमिनेशन हासिल नहीं कर सकी और अब ऑस्कर की दौड़ से बाहर हो गई है।*

## कार्यालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग

-:: अधिसूचना ::-

क्रमांक / 24/अ-82/2021-22/भू-अर्जन/2023 — कोण्डागांव, दिनांक 05/01/2026

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची के खाने (1) से लेकर खाने (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में दर्शित प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा-1 के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (7) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है।

-: अनुसूची :-

| भूमि का प्रकार | | | | | | धारा 12 अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/नगर | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.) | प्रभावित रकबा(हे.) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कोण्डागांव | कोण्डागांव | वनउसरी | आर.एफ.- 970 | 1.582 | 0.032 | अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी कोण्डागांव | वनउसरी माकड़ी मार्ग के कि.मी. 2/2 नारंगी नदी पर सेतुमय पहुंच मार्ग निर्माण |
| | | | आर.एफ.- 970 | 0.530 | 0.024 | | |
| | | | आर.एफ.- 970 | 1.645 | 0.012 | | |
| | | | आर.एफ.- 970 | 1.324 | 0.020 | | |
| | | | आर.एफ.- 970 | 1.010 | 0.024 | | |
| | | | आर.एफ.- 970 | 1.217 | 0.004 | | |
| | | | आर.एफ.- 970 | 0.580 | 0.004 | | |
| | | | आर.एफ.- 970 | 0.935 | 0.004 | | |
| | | | आर.एफ.- 970 | 0.938 | 0.008 | | |
| | | | आर.एफ.- 970 | 0.342 | 0.012 | | |
| | | | आर.एफ.- 970 | 1.915 | 0.020 | | |
| योग | | | 11 | 12.018 | 0.164 | | |

2- यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उप-धारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।

3- भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव के कार्यालय में किया जा सकता है।

4- प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।

5- प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाधान अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।

6- प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

( नुपूर राशि पन्ना)
कलेक्टर जिला - कोण्डागांव
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-252606205/2

## कार्यालय कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी जिला खैरागढ-छुईखदान-गण्डई (छत्तीसगढ)

// निविदा पत्र //

क्रमांक /कले. /जनगणना /2026 /472 — खैरागढ दिनांक 21/01/2026

छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक GEMS-1105/99/2025 HOME SECTION नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 08.01.2026 के अनुसार भारत की जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO) अप्रैल 2026 से सितम्बर 2026 तक और द्वितीय चरण - जनसंख्या गणना (PE) फरवरी 2027 में आयोजित की जाएगी।

भारत की जनगणना 2027 मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से आँकड़ो का संग्रह जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (CMMS) पोर्टल का उपयोग मकान सूचीकरण ब्लॉक निर्माण (HLBS ) वेब एप्लिकेशन, स्व-गणना पोर्टल जैसे कार्यो को समूचित रूप से संपादन के लिए राज्य/ जिला स्तर पर 09 (04 तहसील एवं 03 नगरपालिका/नगर पंचायत) तकनीकी सहायक व 01 बहु-कार्य कर्मचारी (एमटीएस) जनशक्ति को पारिश्रमिक आधार पर नियुक्ति जून 2027 तक के लिए एजेंसी के माध्यम से कराया जाना है।

एतद् द्वारा उक्त कार्य के लिए इच्छुक फर्म/ प्लेसमेंट एजेंसी से 05 फरवरी 2026 शाम 05.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 04 फरवरी 2026 तक जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 13 में कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से संध्या 5:30 तक 2000/- रूपये नगद भुगतान कर प्राप्त कर सकते है। निविदा दिनांक 06.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे कलेक्टर द्वारा गठित समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित तिथि को नियत समयावधि के पश्चात किसी भी निविदा पर विचार नही किया जावेगा। निविदा का प्रारूप एवं शर्ते आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये जिले के अधिकारिक वेबसाईट पर देखा जा सकता है तथा जिला कार्यालय के कक्ष 13 से कार्यलीयन समय पर जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

कलेक्टर,
एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी
खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

G-252606222/3

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur- 492002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

### E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

NIT No.: 89/HVAC-AMCII-CBD/EE(E)/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 22.01.2026

**Name of Work:** "Comprehensive Annual Maintenance contract of HVAC System installed in Commercial Complex and Retail Complex buildings at Sector 21 of Nava Raipur Atal Nagar, Dist- Raipur (C.G.). (1st Call)

**Estimated cost:** INR 59.72 Lakh per year, EMD: INR 1.20 Lakh, Period of Completion: 36 Months

**Last Time & Date of Online Submission:** 15:00hrs on 12.02.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer
NRANVP

S-46657/1

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

## कार्यालय अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज, रायपुर

काली माता मंदिर के पीछे, आकाशवाणी चौक, रायपुर फोन नं 0771-4048829

क्रमांक 23 अधी. / स्टे. गै. / 2026 रायपुर, दिनांक 21/01/2026

### निविदा आमंत्रण

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के अधीन मे कुल 34 पुरानी अनुपयोगी / निष्प्रयोजित वाहन (टोयोटा इटियोज, टाटा सफारी स्टॉम, सूमो, जेस्ट, मांजा, मारूति सियाज, डिजायर, वेन आदि) प्रकार की वाहन का नीलाम किये जाने हेतु बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। नीलाम किये जाने वाले वाहनों का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के वर्कशॉप में ( काली मंदिर के पीछे) जल संसाधन विभाग के परिसर में किया जा सकता है।

निविदा फार्म नियम एवं शर्तो की जानकारी 300.00 नकद जमा कर छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज (वर्कशॉप) जल संसाधन विभाग परिसर, काली मंदिर, आकाशवाणी चौक के पास रायपुर से निविदा फार्म दिनांक 22.01.2026 से दिनांक 02.02.2026 तक समय दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म दिनांक 02.02.2026 दोपहर 03.00 बजे तक जमा की जावेगी। इसके पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किये जायेगें। निविदा उपस्थित निविदाकर्ताओ / प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 03.01.2026 समय 02.00 बजे खोली जावेगी। अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

अधीक्षक
छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज

G-252606213/2

## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी

महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर (छ.ग.)
पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष नम्बर- 0771-2284044 — ई.मेल-dwcdraipur@gmail.com

क्रमांक /4354 / मबावि/ स्था. / 2025-26 रायपुर, दिनांक 21/01/2026

### विज्ञापन

संचालक, संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग इन्द्रावती भवन नवा रायपुर के आदेश क्रमांक / 10815 / मबावि / मसमि / सखी - 4 / 2024-25 नवा रायपुर, दिनांक 03.12.2024 के अनुसार "सखी" वन स्टॉप सेंटर का राज्य के नवीन जिलो में विस्तार तथा रायपुर में अतिरिक्त "सखी" वन स्टॉप सेंटर, नवा रायपुर की स्वीकृति एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश है।

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित **"अतिरिक्त सखी" वन स्टॉप सेंटर, नवा रायपुर में 07 पदों की पूर्ति हेतु** दैनिक कार्यो के संचालन व सभी सुसंगत कार्यवाहियों के लिए सेवा प्रदाता का चयन **मेरिट** से किया जाना है।

उक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | | | | वेतन मैट्रिक्स लेवल | निर्धारित एकमुश्त / संविदा मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | ST | SC | योग | | |
| 1 | केस वर्कर | 1 | 1 | 0 | 2 | 6 | 18420 |
| 2 | बहुद्देशीय कार्यकर्ता स्टॉफ / कुक | 0 | 1 | 1 | 2 | 1 | 11720 |
| 3 | सुरक्षा गार्ड / नाईट गार्ड | 1 | 1 | 1 | 3 | 1 | 11360 |
| कुल योग | | 2 | 3 | 2 | 7 | | |

इस हेतु पात्र महिला आवेदकों से (व्यक्तिगत सेवाप्रदाता) के रूप में अस्थायी रूप से नियुक्ति हेतु अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थी विहित नियम एवं शर्तों के अधीन शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज स्वप्रमाणित संलग्न कर दिनांक 22.01.2026 से दिनांक 05.02.2026 व समय-रात्रि 12.00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग के वेबसाईट https://sakhionestop.e-bharti.in/ में कर सकते है।

शैक्षणिक अर्हता, विज्ञापन की नियम शर्तों व रिक्त पद संबंधी जानकारी रायपुर जिले के वेबसाईट www.raipur.gov.in पर देखा जा सकता है, रोजगार एवं नियोजन तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला-रायपुर (छ.ग.)

G-252606211/1

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट | रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें : एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें : मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सिंघानिया स्किन केयर | Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद | आयुष्मान कार्ड सुविधा | SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थैरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# निजी मेडिकल कॉलेजों में भी 50% सीटें बाहरी छात्रों के लिए, एम्स स्टूडेंड्स माने जाएंगे स्थानीय

## मेडिकल कॉलेज में आरक्षित राज्य कोटे की 50% पीजी सीट के संदर्भ में संशोधित राजपत्र प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने गुरुवार देर शाम हाईकोर्ट के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में शासकीय मेडिकल कॉलेजों की राज्य कोटे की 50% पीजी सीट के संबंध में राजपत्र में संशोधन प्रकाशित किया है। इसके अनुसार, इसमें 50% ऑल इंडिया कोटे की सीट छोड़ने के बाद शेष 50 प्रतिशत नीट पी जी की मेरिट के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के मेडिकल कॉलेज से पास किए हुए छात्रों और सुदूर आदिवासी अंचलों में सेवा दे रहे अस्सिटेंट सर्जन के लिए मेरिट आधार पर दी गई है। लेकिन इसमें राज्य के प्राइवेट मेडिकल कॉलजों की 50% सीटें छत्तीसगढ़ के बाहर के छात्रों के लिए खुली रखी गई है और एम्स रायपुर के छात्रों को भी छत्तीसगढ़ राज्य के कोटे की सीटों से प्रवेश की पात्रता दी गई है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व आदेश जारी कर राज्य कोटे की सीटों को 25 प्रतिशत कर दिया गया था। शेष 75 प्रतिशत सीटें ऑल इंडिया कोटे के लिए खोल दी गई थीं। छग में अध्ययनरत एमबीबीएस छात्र, मेडिकल इंटर्न तथा चिकित्सकों ने इसके विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने आदेश देते हुए राज्य कोटे की सीटें पुनः 50 प्रतिशत करने निर्देश दिए थे। इसके बाद राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में संशोधन प्रकाशित किया गया है।

### जरूरी है छग से एमबीबीएस करना

कहा गया है कि छत्तीसगढ़ चिकित्सा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में संशोधन किया जा रहा है। इसके अनुसार, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की 50 प्रतिशत सीटें ऑल इंडिया कोटे के लिए आरक्षित रहेंगी। शेष 50 प्रतिशत राज्य कोटे की सीटों पर वे पंजीकृत अभ्यर्थी, जिन्होंने एमबीबीएस पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ स्थित राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालयों से उत्तीर्ण किया है अथवा जो छत्तीसगढ़ राज्य के सेवारत अभ्यर्थी हैं, प्रवेश के लिए पात्र होंगे।



### नहीं मिले स्थानीय छात्र तो अन्य को प्रवेश

इसके अतिरिक्त दूसरे बिंदू में कहा गया है कि निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की 50 प्रतिशत सीटों पर वे अभ्यर्थी जिन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई छग महाविद्यालयों से की है, उनके लिए आरक्षित रहेंगी। शेष उपलब्ध 50 प्रतिशत सीटों को प्रावीण्यता के आधार पर ओपन सीटों की भांति आवंटित किया जाएगा। अर्थात 50 प्रतिशत सीटों पर ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने एमबीबीएस पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों से उत्तीर्ण नहीं किया है, वे पात्र होंगे। यदि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की सीटों के विरुद्ध पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं एवं सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो काउंसिलिंग की तृतीय चरण की आवंटन प्रक्रिया के समय उन रिक्त सीटों को रूपांतरित करते हुए उन्हें गैर संस्थागत अभ्यर्थियों को आवंटित किया जा सकेगा। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.राकेश गुप्ता के मुताबिक, पूर्व में निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में सभी पीजी सीटें छग के मेडिकल कॉलेजों से पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए आरक्षित थीं। नए नियम से 50 प्रतिशत सीटें दूसरे राज्य के छात्रों के लिए खुल जाएंगी। इससे स्थानीय छात्रों का नुकसान होगा।

---

## खबर संक्षेप

### कृष्णा दास बने सीएम के सलाहकार

**रायपुर।** वरिष्ठ पत्रकार आर. कृष्णा दास को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का



सलाहकार नियुक्त किया गया है। वह मुख्यमंत्री को मीडिया और अन्य विषयों पर परामर्श देंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। उन्हें राज्य शासन के विशेष सचिव के समकक्ष अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। राज्य शासन द्वारा आर. कृष्णा दास को केबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है।

### पोकलेन मशीन में आगजनी

**बचेली।** नगर में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एल एंड टी कंपनी की एक पोकलेन मशीन में आग लगा दी। यह मशीन पाइपलाइन कार्य में लगी हुई थी और पुराना मार्केट स्थित बीटीओए यूनियन कार्यालय के पास खड़ी थी। आगजनी की इस घटना में मशीन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई है। बीच शहर में इस तरह की घटना से लोगों में दहशत है। इस इलाके में लगातार यह दूसरी घटना है। इससे पहले हाई स्कूल के पास हाई टेंशन लाइन के टावर निर्माण में लगी एक अन्य पोकलेन मशीन को भी असामाजिक तत्वों ने जला दिया था।

### गिरोह फूटा, तीन आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर। बोधघाट पुलिस ने बंद घरों के सामने खड़ी बाईक चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 6 बाईक बरामद किया है। वारदातों को अजांम देने के बाद आरोपी चोरी की बाईक को गोबर मिल के खण्डहर में छुपाकर रखे थे जिसे उनकी निशानदेही पर बरामद किया गया। वहीं नगरनार पुलिस ने एक बाइक के साथ आरोपी तुलसी कश्यप निवासी नगरनार को गिरफ्तार किया है। लगातार हो रही बाईक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी गीतिका साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर व साइबर सेल के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। बोधघाट टीआई राठौर ने बताया कि 21 जनवरी को प्रार्थी आकाश नाग ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने स्प्लेंडर मोटर सायकल सीजी 17 केएच 2369 को 13 जनवरी की रात साकेत कालोनी स्थित अपने घर के सामने रखा था जिसे अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया।

### प्राचार्य और 3 प्रोफेसरों के खिलाफ शिकायत फर्जी

**राजिम।** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा तथा सहायक प्राध्यापक मोहन वर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र देवांगन, सहायक प्राध्यापक कु. मनीषा भोई के विरुद्ध शासन को की गई शिकायत का मामला पूरी तरह गलत निकला। इस मामले में शिकायत फर्जी पाई गई। शासन द्वारा जांच उपरांत इनके निलंबन को समाप्त कर इन्हें बहाल कर दिया गया। इनके मामले में फर्जी शिकायत करके शासन को गुमराह किया गया।

---

## अंत्यवसायी विभाग अंतर्गत संचालित दो योजना को छोड़कर अन्य सभी योजनाएं बंद

# 10 हजार से अधिक ने पटाया कर्ज, 70 करोड़ की रिकवरी नहीं, इसलिए कई योजनाएं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय एवं राज्य की कई योजनाएं पिछले कई वर्षों से बंद हैं। इन योजनाओं के बंद होने की मुख्य वजह इन योजनाओं के तहत हितग्राहियों को दी गई लोन की राशि की रिकवरी नहीं होना है। विभागीय सूत्र के अनुसार प्रदेश के 16 जिलों में 10 हजार से अधिक हितग्राहियों पर अभी भी 70 करोड़ रुपए से अधिक का लोन बकाया है। यह राशि लगभग सालभर पहले 127 करोड़ रुपए थी, वहीं हितग्राहियों की संख्या भी 15 हजार से अधिक थी। विभाग ने आरआरसी जारी कर बड़ी संख्या में हितग्राहियों से लगभग 50 करोड़ से अधिक की राशि की रिकवरी की है, वहीं शेष राशि अभी तक रिकवरी नहीं हो पाई है। यहीं कारण है विभाग भी बंद की गई योजनाओं को शुरू करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है।**

खास खबर

अंत्यावसायी विभाग निगम का गठन अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, और सफाई कामगारों के आर्थिक विकास के लिए किया गया था। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय और राज्य की विभिन्न योजनाओं के जरिए इन वर्गों के लोगों को स्वरोजगार के लिए रियायत ब्याज दर पर वित्तीय सहायता दिलाकर स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे थे। इसके तहत हितग्राहियों को इन योजनाओं के तहत स्वरोजगार दिलाने के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर लोन बांटा गया था। इस लोन में भी कुछ योजनाओं में अनुदान एवं छूट का प्रावधान भी था, ताकि हितग्राहियों को लोन पटाने में किसी तरह की परेशानी न हो। इसके बाद भी थोक में हितग्राहियों ने लोन लेने के बाद कुछ महीनों तक नियमित किस्तों का भुगतान किया, लेकिन उसके बाद किस्त पटाना ही बंद कर दिए।

### दो योजना ही चालू, जिसमें दिया जा रहा लोन

राज्य की बैंक प्रवर्तित योजना अंतर्गत अंत्योदय स्वरोजगार और आदिवासी स्वरोजगार योजना वर्तमान में चालू है। इन दोनों योजना के तहत 50 हजार से दो लाख रुपए तक लोन देने का प्रावधान है, वहीं देय लोन पर अधिकतम 10 हजार रुपए तक का अनुदान भी हितग्राही को दिया जाता है। ये दोनों योजनाएं चालू हैं, लेकिन इन दोनों योजना के तहत भी बहुत कम फंड जारी किया जा रहा है। इसके कारण कई जिलों में आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों को योजना का लाभ मिल पा रहा है। हालांकि रायपुर जिले में टारगेट से अधिक प्रकरणों को मंजूरी दी गई है।



### रायपुर जिले में टारगेट से अधिक प्रकरण स्वीकृत

अंत्यावसायी विभाग रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अंत्योदय स्वरोजगार और आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में टारगेट से अधिक प्रकरणों में स्वीकृति दी गई है। एक योजना में 12 का टारगेट मिला था, लेकिन 24 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार दूसरी योजना में 547 का टारगेट था। इसके एवज में 900 प्रकरण बनाकर भेजे गए थे, जिनमें से 585 प्रकरणों को स्वीकृति दी गई है।

### आरआरसी जारी होने के बाद कई हितग्राहियों ने लोन पटाया

इन योजनाओं के तहत लोन का भुगतान नहीं करने वाले हितग्राहियों को सभी जिलों के अंत्वसायी विभाग की ओर से पहले कई दफे नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी जब हितग्राहियों ने लोन की राशि अदा नहीं की गई तो उनके विरुद्ध आरआरसी जारी किया गया। इसके तहत लोन लेने वाले या उसके गारंटी बने व्यक्ति की संपत्ति कुर्क करके लोन की राशि वसूल की जानी थी। इस नोटिस के बाद बड़ी संख्या में हितग्राही और उसके गारंटी बने व्यक्तियों ने लोन की राशि अदा करना शुरू किया।

### ये योजनाएं बंद, इनमें कोई 5-6 कोई 7 साल से है बंद

अनूसूचित जाति वर्ग की योजनाएं 5 वर्ष से बंद, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वर्ग की योजना 4 साल से बंद, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग योजना 4 साल से बंद, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वर्ग की योजना भी 4 वर्ष से बंद, सफाई कामगार वर्ग की योजना भी बंद, राज्य की मिनीमाता स्वावलंबन योजना 7 वर्ष से बंद।

---

## दो का मिला शव, शेष की तलाश जारी

# इंद्रावती के झिल्ली घाट में नाव पलटी, 6 बहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक स्थित उसपरी साप्ताहिक बाजार से लौटने के दौरान इन्द्रावती नदी में नाव पलटने से माड़ क्षेत्र के बोड़गा गांव के एक ही परिवार के चार सदस्य समेत छह लोग बह गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दो की जान बचा ली, लेकिन एक ही परिवार के चार सदस्य लापता थे। इनमें मां व दुधमंही बच्ची का शव गुरूवार सुबह बरामद कर लिया गया। वहीं लापता एक महिला व बच्चे समेत दो की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार सुबह विधायक विक्रम मंडावी भी उसपरी झिल्ली घाट पहुंच कर खोजबीन अभियान को गति देने में तथा ग्रामीणों संग डटे रहे। नाव पर 2 पुरुष, 2 बच्चों और दो महिलाओं समेत 6 लोग सवार थे। जो उसपरी साप्ताहिक बाजार में सामान लेने आए थे सभी ग्रामीण माड़ क्षेत्र के नदीपार गांव बोड़गा रहने वाले हैं।

### पोस्टमार्टम के लिए भैरमगढ़ लाया गया

लापता चार में दो के शव गुरूवार सुबह घटनास्थल से लगभग 5 सौ मीटर दूर से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भैरमगढ़ लाया गया। इनमें पोज्जो वेको पति सन्नू वेको (40) तथा पुत्र राकेश वेको पिता सन्नू (1) जो उरुगुंडापारा ग्राम पंचायत इतामपर के रहने वाले है। वहीं हादसे के बाद लापता बाधू वेको पिता मड्डा (30) व सुनीला कवासी (10) पिता आशीराम ग्राम बोड़गा ग्राम पंचायत इतामपर की तलाश जारी है।

---

## एक्सीडेंट के बाद कई घंटों तक रहा जाम

# रतेसरा में भीषण सड़क हादसा आमने-सामने भिड़े दो बेकाबू ट्रक, तीन की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रतेसरा में 22 जनवरी की तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार से दौड़ रही दो भारी ट्रकों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दोनों ट्रकों के चालक और एक हेल्पर शामिल हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 22 जनवरी की सुबह करीब 4 बजे के बीच यह हादसा ग्राम रतेसरा मेन रोड के पास हुआ। एक ट्रक जगदलपुर से रायपुर की ओर लकड़ी लेकर जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रक रायपुर की ओर से कांकेर की तरफ खाली लौट रहा था। आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रक चिपक गए और यह समझना भी मुश्किल हो गया कि अंदर कितने लोग फंसे हैं। ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनजेड 2288 में चालक 35 वर्षीय होरी लाल साहू और हेल्पर 36 वर्षीय अजय साहू सवार थे। दोनों मरदा गांव, थाना लवन, जिला बलौदाबाजार के निवासी थे और जगदलपुर से लकड़ी लोड कर रायपुर लौट रहे थे। वहीं दूसरे ट्रक क्रमांक सीजी 18 क्यू 6777 को इन्द्रजीत सिंह (46 वर्ष) चला रहे थे, जो रायपुर से कांकेर की ओर जा रहे थे। इस हादसे में तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



### दो दिन पहले हुई थी दुर्घटना

विदित हो कि इसी स्थान पर दो दिन पूर्व भी एक युवक की कार की चपेट में आने से मौत हो चुकी है, जिससे इस क्षेत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह स्थल ऐसा है, जहाँ लगातार सड़क दुर्घटनाएं लगातार होती रहती है।

### दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

इस मामले में दोनों ट्रकों की ओर से अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। तीस वर्षीय सत्य सरोज सागर साहू निवासी मरदा, हाल गुढियारी रायपुर ने चारामा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके वाहन के चालक होरी लाल साहू और हेल्पर अजय साहू की मौत सामने से आ रहे ट्रक चालक की तेज और लापरवाहीपूर्वक ड्राइविंग के कारण हुई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा 281 और 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। दूसरी ओर से मृतक इन्द्रजीत सिंह की पत्नी 32 वर्षीय नेहा कौर निवासी दंतेश्वरी वार्ड जगदलपुर ने भी पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनके पति इन्द्रजीत सिंह ट्रक चला रहे थे और हादसे से कुछ घंटे पहले परिवार से फोन पर बात हुई थी। सुबह ट्रक मालिक से फोन पर हादसे की जानकारी मिली।

### तेज रफ्तार बनी मौत की वजह

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार और लापरवाही इस हादसे की मुख्य वजह रही। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना के समय किस वाहन की गलती अधिक थी। सुबह के समय भारी वाहनों की तेज रफ्तार न सिर्फ चालकों के लिए, बल्कि अन्य राहगीरों के लिए भी जानलेवा साबित हो रही है।

---

## मध्यान्ह भोजन के बाद बिगड़ी बच्चों की तबीयत

**जांजगीर-पामगढ़।** पामगढ़ के स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम स्कूल में मध्यान्ह भोजन करने के बाद बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां उपचार के बाद सभी को आब्जर्वेशन पर रखा गया है। सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गुरूवार 22 जनवरी को पामगढ़ के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में हमेशा की तरह बच्चे मध्यान्ह भोजन कर रहे थे। इसी बीच कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। सूचना मिलते ही स्कूल के प्राचार्य और शिक्षक सकते में आ गए। उन्होंने तत्काल बच्चों से जानकारी ली तो पता चला कि अचार का स्वाद कुछ ठीक नहीं है। कुछ देर में और भी बच्चों ने तबीयत बिगड़ने की बात कही। ऐसे में प्राचार्य ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही डॉक्टरों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पहुंच गई।

---

# बरबट्टी गिरोह ने नहर से गायब किया था लोहे का ब्रिज, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

कुछ दिनों पूर्व शहर के ढोढ़ीपारा स्थित नहर पुल पर बने लोहे के 10 टन ब्रिज को गैस कटर से काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोरी को किसी और ने नहीं बल्कि राताखार के कुख्यात कबाड़ी मुकेश साहू ऊर्फ बरबट्टी के इशारे पर इस वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मामले को सुलझाते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और 5 टन कबाड़ गैस कटर व वाहन को पुलिस ने बरामद कर लिया है जबकि मामले का सरगना सहित कुल दस आरोपी फरार है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि



सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत चारपारा कोहड़िया में नहर को पार करने के लिए वर्षों पूर्व जल संसाधन विभाग के द्वारा 10 टन से अधिक वजनी लोहे का पुल तैयार किया गया था जिसे 17 जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने गैस कटर से काटकर पुल की ही चोरी कर ली है। ढोढ़ीपारा निवासी वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद लक्ष्मण श्रीवास ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 17 जनवरी को अज्ञात चोरों ने ढोढ़ीपारा स्थित नहर पार करने के लिए लोहे का पुलिया (ब्रिज) जिसे अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था। सूचना पर पुलिस ने दशहरा मैदान के पीछे 15 ब्लॉक निवासी लोचन केंवट उम्र 20 साल पिता मंगलु राम केवट व जयसिंह राजपूत उम्र 23 साल पिता खड़दीप सिंह एवं पंप हाउस निवासी मोती प्रजापति उम्र 27 साल पिता राजमणी प्रजापति, सुमित साहू उम्र 19 साल, 15 ब्लॉक झरनापारा निवासी केशवपुरी गोस्वामी ऊर्फ पिच्चर उम्र 22 साल पिता हेमंतपुरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया। मामले में कुल 15 आरोपियों की पहचान की गई। आरोपियों के कब्जे से कटी हुई लोहे की रेलिंग बरामद की गई है।

---

## कोमाखान पुलिस ने घेराबंदी कर गांजा की बड़ी खेप पकड़ी

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की कार्रवाई, 40 लाख रुपए का गांजा जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा तस्करी की सूचना पर कोमाखान पुलिस ने घेराबंदी कर तस्करी किए जा रहे गांजा की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने तस्करी में शामिल दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 80 किलो ग्राम गांजा और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही स्कॉर्पियो कार जब्त की है। पकड़े गए गांजा की कीमत 40 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएल 0907 में



भारी मात्रा में नशीला पदार्थ ओडिशा की ओर से लाया जा रहा है। सूचना पर सक्रिय हुई टीम ने कोमाखान इलाके में नाकाबंदी की। संदिग्ध वाहन को रोकने पर जब उसकी तलाशी ली गई, तो पुलिस के होश उड़ गए। गाड़ी के भीतर छिपाकर रखा गया 80 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 40 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संजय कुमार अनुरागनी (21 वर्ष) निवासी हमीरपुर, उत्तर प्रदेश, हुलेश दीवान (46 वर्ष) निवासी नर्रा, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ सामिल है। इन आरोपियों के पास से गांजे के अलावा तस्करी में प्रयुक्त 15 लाख रुपये मूल्य की स्कॉर्पियो और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने कुल 55 लाख 7 हजार रुपये का माल बरामद किया है।

### दो तस्कर गांजे के साथ गिरफ्तार

थाना सिंघोड़ा पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक पर गांजा तस्करी कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में सूरज गवारिया (19 वर्ष) और निर्मला धाकड़ (49 वर्ष) शामिल हैं, जो राजस्थान के बूंदी और कोटा जिले के निवासी हैं। पुलिस ने इनके पास से 4 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी गई है। तस्करी में इस्तेमाल की गई प्लेटिना मोटरसाइकिल आरजे20 बीए 8064 और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। कुल जब्त संपत्ति की कीमत 2.25 लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# 2030 तक खतरे में होंगी व्हाइट कॉलर नौकरियां, एआई को लेकर डब्ल्यूईएफ की चेतावनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर में 'ग्रेट जॉब शेक-अप' (नौकरियों का बड़ा फेरबदल) शुरू हो चुका है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की चौंकाने वाली रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि साल 2030 तक लाखों नौकरियां इतिहास का हिस्सा बन सकती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑटोमेशन की बढ़ती रफ्तार ने उन क्षेत्रों में खतरे की घंटी बजा दी है, जिन्हें अब तक सुरक्षित माना जाता था। डेटा प्रोसेसिंग, अकाउंटिंग और एडमिनिस्ट्रेशन से जुड़े रोल्स टेक्नोलॉजी के हाथों में जाने के लिए तैयार हैं। इस बदलाव का मतलब यह नहीं है कि काम खत्म हो जाएगा.. बस काम करने का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा। जो लोग समय रहते नई तकनीक और स्किल्स के साथ खुद को नहीं ढालेंगे, उनके लिए जॉब मार्केट में टिक पाना नामुमकिन होगा। यह संकट केवल कम स्किल्ड लेबर तक सीमित नहीं है, चार्टर्ड अकाउंटेंट, ऑडिटर्स और डेटा एनालिस्ट जैसे उच्च शिक्षित प्रोफेशनल्स पर भी एआई का साया मंडरा रहा है।

## बिना स्कील के जॉब मार्केट में टीके रहना मुश्किल होगा

### अगले 5 साल में ये नौकरियां खत्म हो जाएंगी?

*दशकों से अकाउंटिंग और ऑडिटिंग को करियर के सबसे स्टेबल विकल्पों में गिना जाता रहा है। लेकिन डब्ल्यूईएफ की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2030 तक ये नौकरियां गायब हो सकती हैं। कारण साफ है- सॉफ्टवेयर अब कठिन से कठिन बैलेंस शीट और टैक्स कैलकुलेशन को बिना किसी मानवीय गलती के सेकंडों में हल कर सकते हैं। एल्गोरिदम अब धोखाधड़ी का पता लगाने और फाइनेंशियल डेटा का एनालिसिस करने में इंसानों से कहीं अधिक कुशल हो गए हैं।*




एआई और ऑटोमेशन की बढ़ती रफ्तार ने खतरे की घंटी बजा दी

### प्रशासनिक और डेटा एंट्री ऑपरेटर होंगे प्रभावित

मौजूदा दौर में ऑफिस में होने वाले रूटीन काम (जैसे डेटा एंट्री, रिकॉर्ड कीपिंग और एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट) की भूमिकाएं तेजी से ऑटोमेशन की तरफ बढ़ रही हैं। एआई टूल्स अब ईमेल शेड्यूल करने, मीटिंग्स की समरी बनाने और फाइल्स को व्यवस्थित करने का काम आसानी से कर रहे हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट का अनुमान है कि क्लर्क और प्रशासनिक सचिवों की मांग में भारी गिरावट आएगी। अगले 5 सालों में ये भूमिकाएं खत्म हो सकती हैं।

### कौन बनेगा भविष्य का विजेता?

*जहां एक तरफ पारंपरिक नौकरियां जा रही हैं, वहीं नई स्किल्स की डिमांड बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 'क्रिटिकल थिंकिंग', 'एनालिटिकल थिंकिंग' और 'क्रिएटिविटी' भविष्य के सबसे बड़े हथियार होंगे। एआई और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, सस्टेनेबिलिटी एक्सपर्ट्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन स्पेशलिस्ट की मांग में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखी जाएगी। इसके अलावा, जिन कामों में मानवीय संवेदनाओं और सहानुभूति की जरूरत है (जैसे केयरगिविंग और मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल), वे नौकरियां सुरक्षित रहेंगी।*

---

## खबर संक्षेप

### बीओआई के लाभ में 7.5 फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 7.5 प्रतिशत बढ़कर 2,705 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,517 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया था।

### इटर्नल का तीसरी तिमाही लाभ 73 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली इटर्नल का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 72.88 प्रतिशत बढ़कर 102 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 59 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। ब्लिंकिट के वर्तमान सीईओ अलबिंदर सिंह ढींडसा को एक फरवरी से ''इटर्नल'' का नया सीईओ नियुक्त करने को मंजूरी दी है।

### रेजरपे पीओएस को मिला आरबीआई से लाइसेंस




**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रेजरपे की 'ऑफलाइन' भुगतान इकाई रेजरपे पीओएस को आरबीआई से 'ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर' के रूप में कार्य करने का लाइसेंस मिल गया है। रेजरपे के पास अब आरबीआई के तीनों प्रमुख लाइसेंस, ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर, क्रॉस-बॉर्डर एग्रीगेटर और ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर हैं।

### इंडियन बैंक के लाभ में सात फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 7.33 प्रतिशत बढ़कर 3,061 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 2,852 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### वारी एनर्जीज का लाभ दोगुना होकर 1,106 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** वारी एनर्जीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में दोगुना होकर 1,106.79 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का गत वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में मुनाफा 506.88 करोड़ रुपये रहा था। वारी एनर्जीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2025-26 की समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय 7,761.23 करोड़ रुपये रही।

### फोनपे के शेयरधारक 10 हजार करोड़ की हिस्सेदारी बेचेंगे




**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे के शेयरधारक वॉलमार्ट, टाइगर ग्लोबल और माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल फाइनेंस कंपनी के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में करीब 10,115 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेचेंगे। कंपनी के अद्यतन आईपीओ दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसलिए आईपीओ के माध्यम से कंपनी कोई अतिरिक्त पूंजी नहीं जुटाएगी।

---

## नैसकॉम ने बजट को लेकर सरकार के सामने रखी अपनी मांग

# स्टॉक योजना के तहत बजट में कर स्थगन का लाभ क्लाउड और स्टार्ट अप को मिले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योग जगत की संस्था नैसकॉम को केंद्रीय बजट में कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) के तहत कर स्थगन का लाभ अधिक स्टार्टअप को दिए जाने और भारतीय डेटा केंद्रों के विदेशी क्लाउड उपयोग की कर संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए उचित स्पष्टीकरण लाए जाने की उम्मीद है।

इस संगठन में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियां सहित प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विभिन्न दिग्गज शामिल हैं। नैसकॉम ने बजट को लेकर अपनी मांगों में अधिक स्टार्टअप के लिए ईएसओपी पर कर भुगतान को टालने (ईएसओपी कर स्थगन) के प्रावधान को भी प्रमुखता से उठाया है।

### कैरी फॉरवर्ड लाभ का फायदा मिले

इसके साथ ही, उसने विलय या समामेलन की स्थिति में संचित घाटे एवं अप्रयुक्त अवमूल्यन के 'कैरी-फॉरवर्ड' और समायोजन (सेट-ऑफ) से जुड़े लाभों को सभी कंपनियों तक उनके व्यवसाय की प्रकृति की परवाह किए बिना विस्तारित करने का भी प्रस्ताव रखा है।

**खास बातें**

- ईएसओपी के तहत कर स्थगन का लाभ मिले
- भारतीय डेटा केंद्रों के विदेशी क्लाउड उपयोग की कर चिंता दूर करे
- स्टार्टअप के लिए ईएसओपी पर कर भुगतान टालने का मुद्दा उठाया




### प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय शामिल हो

अन्य सुझावों में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) पुनर्निवेश आरक्षित कोष के पात्र उपयोग के दायरे का विस्तार करना भी शामिल है ताकि इसमें पट्टे पर ली गई प्रौद्योगिकी परिसंपत्तियां, क्लाउड अवसंरचना, सॉफ्टवेयर सब्सक्रिप्शन, इंटीरियर, सुविधाएं एवं अधिकृत एसईजेड परिचालनों से जुड़े नए कर्मचारियों की भर्ती तथा प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय भी शामिल किया जा सके।

***डिफरल की सुविधा देने का आग्रह*** *: नैसकॉम ने सरकार से उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त सभी स्टार्टअप को ईएसओपी पर कर भुगतान के स्थगन (डिफरल) की सुविधा देने और ईएसओपी लागत को आयकर अधिनियम की धारा 37 के तहत कटौती योग्य बनाने का आग्रह किया है।*

***कर नीतियों पर ध्यान देना होगा*** *: हालांकि पिछले कुछ वर्षों में वृद्धि धीमी रही है। इसे हमारे प्रमुख बाजारों से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए और कर नीतियों पर विचार करते समय इसी संदर्भ को ध्यान में रखना होगा।''*

### उद्योग 300 अरब डॉलर का आंकड़ा छुएगा

*नैसकॉम के सार्वजनिक नीति उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट उद्योग के लिए दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण समय में पेश किया जा रहा है। अग्रवाल ने कहा, '' उद्योग के रूप में हमने पिछले वर्ष 280 अरब अमेरिकी डॉलर पर समापन किया था और इस वर्ष हम 300 अरब डॉलर के आंकड़े के करीब हैं।*

### प्रौद्योगिकी एक सशक्त माध्यम

नैसकॉम के सार्वजनिक नीति उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने कहा कि भारत अपनी बड़ी एवं विविध आबादी को देखते हुए 'डीपफेक', डिजिटल धोखाधड़ी और उपयोगकर्ताओं को पेश होने वाली अन्य समस्याओं से निपटने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) के कामकाज को लेकर एक संतुलित एवं चरणबद्ध दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी उद्योग की भविष्य की सफलता की नींव, भरोसे पर ही टिकी होगी।

### एआई का उपयोग समस्याएं कम करने में हो

प्रौद्योगिकी को एक बड़ा सशक्त माध्यम बताते हुए अग्रवाल ने कहा कि एआई का उपयोग इसके कारण उत्पन्न होने वाली कई तरह की समस्याओं को कम करने और रोकने के लिए भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपयोगकर्ताओं को नुकसान के बाद प्रतिक्रिया देने वाले विनियमन के बजाय अब 'प्रौद्योगिकी-आधारित सुरक्षा सीमाएं' (टेक्नोलॉजी-लेड गार्डरेल्स) तय करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

---

# शेयर बाजार तीन दिनों की गिरावट से उबरा सेंसेक्स 398 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- ग्रीनलैंड मामले में ट्रंप के नरम रुख से बाजार में सुधार
- एक समय सेंसेक्स में 873 .55 अंक का उछाल दर्ज किया गया

वैश्विक बाजारों में मजबूती और ग्रीनलैंड मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नरम रुख अपनाने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स 398 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 132 अंकों की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के बीच 397.74 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 873.55 अंक उछलकर 82,783.18 अंक तक पहुंच गया था।

निफ्टी 132.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत बढ़कर 25,289.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 278.25 अंक की तेजी के साथ 25,435.75 के स्तर तक पहुंच गया था।

### एशियाई बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार मजबूत रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

---

# सोने पर कर्ज देने वाली एनबीएफसी की परिसंपत्तियां बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- एयूएम अगले साल चार लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान : क्रिसिल

सोने के आभूषणों पर कर्ज देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अगले वित्त वर्ष तक लगभग 40 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है और मार्च 2027 तक ये चार लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो सकती हैं।

यह जानकारी क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस वृद्धि के पीछे बढ़ती हुई सोने की कीमतें, सुरक्षित कर्ज की तरफ झुकाव और विकसित नियामकीय माहौल मुख्य कारक हैं। वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच इन एनबीएफसी की वार्षिक वृद्धि दर 27 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में सोने की कीमतें लगभग 68 प्रतिशत बढ़कर ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। क्रिसिल रेटिंग्स की निदेशक अपर्णा किरुबकरण ने कहा कि सोने के दाम उछलने से गिरवी रखे गए सोने का मूल्य भी बढ़ा है, जिससे उधारदाताओं को अपने ऋण वितरण को बढ़ाने में मदद मिल रही है। असुरक्षित ऋण जैसे विकल्पों से सीमित क्रेडिट उपलब्ध होने के कारण उधारकर्ता अन्य वित्तीय स्रोतों की ओर देख रहे हैं। मध्यम आकार की स्वर्ण-ऋण वाली एनबीएफसी बैंकों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपने बाजार विस्तार में जुटी हैं।

### एलटीवी मानकों के सरलीकरण की उम्मीद

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि नियामकीय मोर्चे पर, एक अप्रैल से लागू होने वाले कम मूल्य वाले सोने-ऋण के लिए 'मूल्य पर देय कर्ज' (एलटीवी) मानकों के सरलीकरण से एनबीएफसी को उधार देने के लिए अतिरिक्त क्षमता मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सोने पर कर्ज देने वाली एनबीएफसी को जोखिम प्रबंधन और संचालन प्रक्रियाओं पर सख्त नियंत्रण बनाए रखना होगा।

---

# डाक विभाग राजस्व में 30 फीसदी की करेगा वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि डाक विभाग ने चालू वित्त वर्ष में राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है। डाक विभाग की 2025-26 तीसरी तिमाही समीक्षा के बाद मंत्री ने कहा कि छह में से पांच क्षेत्रों के राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई जबकि अमेरिकी सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण अंतरराष्ट्रीय डाक का राजस्व स्थिर रहा। सिंधिया ने कहा, 2025-26 के लिए हमारा लक्ष्य 17,546 करोड़ रुपये है जिसका मतलब है कि हम वित्त वर्ष 2024-25 के 13,240 करोड़ रुपये से एक ही वित्त वर्ष में राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रख रहे हैं। 2023-2024 में यह 12,800 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 13,240 करोड़ रुपये हुआ जो केवल तीन प्रतिशत की वृद्धि है।

---

# रुपया तीन पैसे सुधरकर 91.62 प्रति डॉलर पर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- रिकॉर्ड निचले स्तर से मामूली सुधार आया
- ट्रंप की सकारात्मक टिप्पणी से बाजार की धारणा सुधरी

घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड निचले स्तर से मामूली सुधार के साथ तीन पैसे बढ़कर 91.62 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सकारात्मक टिप्पणियों से भी बाजार धारणा में सुधार हुआ। ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर भविष्य के एक समझौते का ढांचा तय हो गया है और एक फरवरी से यूरोपीय देशों पर प्रस्तावित शुल्क को फिलहाल लागू नहीं किया जाएगा।



अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 91.54 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपये ने 91.48 के उच्च स्तर और 91.68 के निचले स्तर को भी छुआ। लेकिन अंत में यह 91.62 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो इसके अब तक के सबसे निचले स्तर से तीन पैसे अधिक है।

---

# केंद्रीय मंत्री शाह ने किया पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का लोकार्पण



**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित विश्व के प्रथम इंटीग्रेटेड मैडिसिन सिस्टम तथा योग, आयुर्वेद व आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का वैश्विक केंद्र पतंजलि इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल समस्त भारत के नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेगा। गुरुवार को देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उक्त हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस दौरान गृह मंत्री शाह ने हास्पिटल का निरीक्षण भी किया और इस पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि यह हॉस्पिटल विश्व का प्रथम हाइब्रिड हॉस्पिटल बन गया है। ज्ञात हो कि गृह मंत्री जी दो दिनों के पतंजलि प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने योग, आयुर्वेद व सनातन जीवन पद्धति को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठापित करके रोगमुक्त विश्व का निर्माण कैसे हो, इस पर पूज्य स्वामी के साथ गहन विमर्श व मंथन किया। कल रात गृहमंत्री ने पतंजलि योगपीठ परिसर में आत्मीयतापूर्ण रात्रि विश्राम किया और चिकित्सा, शिक्षा, सनातन जीवन पद्धति, एवं ऋषियों की ज्ञान विरासत को विश्व पटल पर प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में पूज्य स्वामी रामदेव जी एवं आचार्य बालकृष्ण महाराज से विमर्श एवं विचार मंथन किया और पतंजलि द्वारा भविष्य में इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने के बारे जानकारी ली।

---

# सोना-चांदी में रिकॉर्ड तेजी का दौर थमा, मुनाफावसूली से फिसले दाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना 2,500 रुपए टूटकर 1,57,200 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 14,300 रुपए गिरावट के साथ 3,20,000 रुपए किलो

राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को सोना और चांदी के दाम रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गए। कमजोर वैश्विक संकेतों और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने के बीच मुनाफावसूली होने से दोनों कीमती धातुओं में गिरावट आई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,500 रुपये यानी 1.56 प्रतिशत गिरकर 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले सत्र में यह अब तक के उच्चतम स्तर 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी ने भी अपनी लगातार नौ दिनों की रिकॉर्ड तेजी पर विराम लगाते हुए 14,300 रुपये यानी 4.3 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की और 3,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई। इससे पहले सत्र में चांदी 11,300 रुपये चढ़कर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, /"सुरक्षित निवेश की मांग घटने और रिकॉर्ड तेजी के बाद मुनाफावसूली के चलते सोना और चांदी अपने उच्चतम स्तर से नीचे आए।/" उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कुछ यूरोपीय देशों पर शुल्क लगाने की धमकी को वापस लिए जाने और ग्रीनलैंड को लेकर भविष्य के समझौते के ढांचे की घोषणा के बाद बाजार धारणा में सुधार हुआ।

### निवेशकों में जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ी

गांधी ने कहा कि इन टिप्पणियों से जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ी, जिससे निवेशकों ने सुरक्षित परिसंपत्तियों में अपने दीर्घावधि दांव को घटा दिया। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने कहा कि भू-राजनीतिक जोखिमों में नरमी आने से घरेलू बाजारों में हल्की मुनाफावसूली देखने को मिली।

### वैश्विक बाजार में भी रही गिरावट

वहीं, ट्रंप की भारत के साथ अच्छे व्यापार समझौते की टिप्पणी से भी सोना-चांदी पर दबाव बना रहा। फॉरेक्स डॉट कॉम के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 8.80 डॉलर यानी 0.18 प्रतिशत फिसलकर 4,822.65 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

---

# छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद को नई दिशा दे रहा डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

**रायपुर।** भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद आज एक बार फिर वैश्विक पहचान बना रही है। प्राकृतिक, सुरक्षित और समग्र उपचार पद्धति के रूप में आयुर्वेद की ओर लोगों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कमल विहार स्थित डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा से जोड़कर एक नई मिसाल पेश कर रहा है। अस्पताल के संचालक एवं वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. अभिमन्यु साहू का कहना है कि आयुर्वेद केवल रोग का इलाज नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का विज्ञान है। यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित है और रोगों की रोकथाम पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने बताया कि आज के समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों जैसे डायबिटीज, गठिया, तनाव, त्वचा एवं पाचन रोगों में आयुर्वेद प्रभावी समाधान प्रदान कर रहा है। छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद के विस्तार को लेकर जागरूकता, आधुनिक सुविधाओं और प्रशिक्षित विशेषज्ञों की कमी जैसी चुनौतियां अब भी मौजूद हैं। ऐसे में राज्य का पहला आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल होने के नाते यह संस्थान अहम भूमिका निभा रहा है। यहां पंचकर्म चिकित्सा, हर्बल उपचार, जोड़ों के दर्द, त्वचा व बाल रोग, महिला एवं बाल स्वास्थ्य के साथ-साथ लाइफस्टाइल काउंसलिंग की सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉ. अभिमन्यु साहू के नेतृत्व में यह अस्पताल छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

---

# श्री शिवम में 4 दिवसीय रिपब्लिक डे मेगा ऑफर का भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े और भरोसेमंद फैमिली फैशन स्टोर श्री शिवम द्वारा ग्राहकों के लिए 4 दिवसीय रिपब्लिक डे मेगा ऑफर का भव्य शुभारंभ किया गया है। यह विशेष ऑफर 23 जनवरी से 26 जनवरी तक श्री शिवम के सभी स्टोर्स पर लागू रहेगा, जिसके अंतर्गत फैशन की लगभग हर श्रेणी में आकर्षक और रिकॉर्ड तोड़ छूट दी जा रही है। रिपब्लिक डे मेगा ऑफर के तहत देश के नामी-गिरामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स पर फ्लैट 50 प्रतिशत तक की छूट, कई कैटेगरी में 50 प्रतिशत तक, जबकि चुनिंदा उत्पादों पर 40 प्रतिशत तक की विशेष छूट ग्राहकों को दी जा रही है। इस अवसर पर स्टोर्स को गणतंत्र दिवस के रंगों और देशभक्ति की थीम से सजाया गया है, जिससे ग्राहकों को खरीदारी का अनुभव और भी खास व यादगार बन रहा है।

### हर उम्र और पूरे परिवार के लिए फैशन का विशाल कलेक्शन

इस मेगा ऑफर के अंतर्गत साड़ी, कुर्ती, लहंगा, ईवनिंग गाउन, इंडो-वेस्टर्न, रेडीमेड सूट्स, किड्स वियर और मेंस वियर सहित फैमिली फैशन की लगभग सभी रेंज उपलब्ध हैं। युवाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ट्रेंडी से लेकर प्रीमियम कलेक्शन तक, सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया गया है।

### ब्रांड, भरोसा और बजट-एक साथ

श्री शिवम प्रबंधन के अनुसार, यह ऑफर खासतौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो ब्रांडेड फैशन, बेहतरीन गुणवत्ता और किफायती कीमत की तलाश में रहते हैं। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्राहकों को देशभक्ति के माहौल में शानदार और लाभदायक खरीदारी का सुनहरा मौका मिल रहा है।

# विजय अभियान जारी रखने आज उतरेगा भारत, संजू व किशन पर होगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी जिसमें शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर निगाह टिकी रहेगी।

वनडे श्रृंखला में हारने के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 रन से शानदार जीत हासिल की थी लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पाए थे। सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा।

### टीम प्रबंधन के भरोसे पर किशन को खरा उतरना होगा

श्रृंखला के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन शतक बनाए हैं। एक और बल्लेबाज जिसे टीम प्रबंधन के भरोसे को सही साबित करने की जरूरत है, वह है किशन, जिन्हें विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया है और नागपुर में पहले मैच में श्रेयस अय्यर पर उन्हें प्राथमिकता दी गई थी

### कप्तान सूर्यकुमार यादव का आत्मविश्वास कुछ बढ़ा होगा

आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म पर सबकी नजरें टिकी हुई थीं और भले ही वह कोई बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन 22 गेंदों में बनाए गए 32 रन ने उनके आत्मविश्वास को कुछ हद तक जरूर बढ़ाया होगा। पहले टी20 में मिली शानदार जीत से व्यक्तिगत तौर पर सुधार के कई क्षेत्र सामने आए।

### अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी

अगर भारत को टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनना है तो अभिषेक शर्मा को बुधवार रात की तरह ही शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर आ रहा है और उन्होंने लगभग हर गेंद को मैदान से बाहर पहुंचाने की शानदार क्षमता दिखाई है।

### खास बातें

- रायपुर में आज खेला जाएगा दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला
- पहले मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 48 रन से जीत हासिल की थीं
- मैच में सैमसन व ईशान के बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा था



### भारत का गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित

निचले क्रम में रिंकू सिंह की टीम में वापसी और आते ही शानदार प्रदर्शन करना भारत के लिए एक और बड़ा सकारात्मक पहलू है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति में भी गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित नजर आता है।

### बुमराह को पावरप्ले में किया जा सकता है इस्तेमाल

अगर अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या पावरप्ले में विकेट लेते रहते हैं तो जसप्रीत बुमराह को पावरप्ले के बाद तीन ओवरों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे टीम को बीच के ओवरों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिल जाएगा।

### रायपुर में भी ओस पड़ने की संभावना

भारत ने नागपुर में बड़ा स्कोर बनाया था जिससे वह ओस का प्रभाव कम करने में सफल रहा। यहां भी ओस पड़ने की संभावना है और कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं होगा, जैसा कि दक्षिण अफ्रीका ने पिछले महीने दिखाया था, जब उन्होंने एक वनडे मैच में भारत के खिलाफ 359 रन का पीछा काफी आसानी से कर लिया था।

### न्यूजीलैंड वापसी के लिए बेताब

न्यूजीलैंड जानता है कि गेंदबाजी के मोर्चे पर उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं था लेकिन उसकी टीम जल्द ही संभल जाती है और इसलिए वह वापसी करने के लिए बेताब होगी। डेवोन कॉनवे के हाल में आउट होने के तरीके को लेकर वे थोड़ा चिंतित होंगे, जिसमें वे बाहर जाती हुई गेंदों पर स्लिप कॉर्डन में कैच आउट हो जाते हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी।

मैच **शाम सात** बजे शुरू होगा।

## खबर संक्षेप



### तेंदुलकर ने की साइना नेहवाल की तारीफ

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने पूर्व विश्व नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल की तारीफ करते हुए कहा कि आपका करियर इस बात का प्रमाण है कि महानता समय के साथ बनती है और उसकी विरासत केवल पदकों तक सीमित नहीं है। साइना ने पिछले दो साल से घुटने की चोट से परेशान रहने के बाद इस सप्ताह की शुरुआत में प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से संन्यास की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि उनका शरीर अब उच्च स्तरीय खेल की जरूरतों को सहन नहीं कर सकता। हैदराबाद की इस 35 साल की खिलाड़ी ने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, ''प्रिय साइना, आपका करियर इस बात का प्रमाण है कि महानता एक-एक दिन के प्रयास, धैर्य, साहस और निरंतरता से बनती है।

### भारत वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी की दौड़ में

**नई दिल्ली।** भारत 2028 में होने वाले दो बड़े अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए प्रयास कर रहा है जिसके लिए राष्ट्रीय महासंघ ने भुवनेश्वर में विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अहमदाबाद में विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगाई है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 2024 के अंत में विश्व एथलेटिक्स प्रमुख सेबेस्टियन को के भारत दौरे के दौरान ही अहमदाबाद में 2028 विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगा दी थी। ताजा घटनाक्रम में एएफआई ने भुवनेश्वर में 2028 विश्व इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए भी बोली लगाई है। विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने बुधवार को भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम परिसर में अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और पूर्व एएफआई अध्यक्ष आदिल सुमरीवाला के साथ ओडिशा सरकार के अधिकारी भी मौजूद थे।

### पोंजी स्कीम का शिकार बने पाकिस्तान के कई खिलाड़ी

**कराची।** पूर्व कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाले शाहीन शाह अफरीदी सहित पाकिस्तान के कई शीर्ष क्रिकेटर कथित तौर पर एक 'पोंजी स्कीम' का शिकार हो गए हैं जिसमें उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हो सकता है। एक सूत्र ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि यह मामला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के संज्ञान में आ गया है और बोर्ड इस कथित वित्तीय घोटाले की जांच कर रहा है। सूत्र के अनुसार करीब एक दर्जन मौजूदा खिलाड़ियों के साथ एक पूर्व टेस्ट कप्तान ने भी एक पाकिस्तानी कारोबारी के पास बड़ी रकम निवेश की थी और अब यह व्यवसायी देश छोड़कर जा चुका है।

**ऑस्ट्रेलिया ओपन : जोकोविच ने सीधे सेटो में फ्रांसेस्को को दी मात**

# जोकोविच ग्रैंड स्लैम में 399वीं जीत से तीसरे दौर में, सिनर भी जीते

- नोवाक ने पहली बार टूर्नामेंट में अपनी सर्विस गंवाई
- सिनर ने जेम्स डकवर्थ को तीन सेटो में सीधे हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर भी आगे बढ़ने में सफल रहे। जोकोविच ने वर्तमान टूर्नामेंट में पहली बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई चूक नहीं दिखाई और दूसरे दौर के मैच में फ्रांसेस्को मैस्ट्रेली को 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित किया। यह ग्रैंड स्लैम एकल मैच में जोकोविच की 399वीं जीत है। इस तरह से रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता को 400 जीत तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बनने के लिए अब केवल एक और जीत की जरूरत है।



### जोकोविच 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की कवायद में

वह मेलबर्न पार्क में अपना 11वां और कुल मिलाकर 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, ''कल तक मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता था। उसकी सर्विस दमदार है। उसका खेल भी शानदार है। उसे बड़े मंच पर खेलने का अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उसमें बड़े शॉट लगाने की क्षमता है।'' तीसरे दौर में जोकोविच का सामना बोटिक वैन डे जैंड्सचल्प से होगा, जिन्होंने शांग जुनचेंग को 7-6 (6), 6-2, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने मैरी बोजकोवा को 6-2, 6-3 से हराया जबकि मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए रात्रि मैच का अंत बेहद तनावपूर्ण रहा, जिसमें नाओमी ओसाका ने सोराना सिर्स्टिया को 6-3, 4-6, 6-2 से पराजित किया।



### सिनर तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में

इसके कुछ ही समय बाद सिनर ने जेम्स डकवर्थ पर दो घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरा खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखी। जोकोविच ने तीसरे सेट के छठे गेम में सर्विस गंवाई लेकिन अगले गेम में उन्होंने मैस्ट्रेली की सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बना ली। बाद में जोकोविच ने लगातार आठ अंक जीतकर मैच अपने नाम किया।



### मौजूदा महिला चैंपियन कीव को मिली कड़ी चुनौती

महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी एशलीन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ गईं, लेकिन जॉन केन एरिना में उन्होंने जोरदार वापसी करने का शानदार नमूना पेश किया और लगातार पांच अंक हासिल करके जीत दर्ज की।

**टाटा स्टील मास्टर्स**

## गुकेश ने चेक के गुयेन को हराया फेडोसीव ने एरिगैसी को चौंकाया





एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी (नीदरलैंड)

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने लगातार चार ड्रॉ मुकाबलों के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर पहली जीत दर्ज की जबकि अर्जुन एरिगैसी को स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के हाथों चौंकाने वाली हार झेलनी पड़ी। एरिगैसी ने इस हार के कारण अपनी संयुक्त बढ़त गंवा दी। बृहस्पतिवार को शुरुआती विश्राम दिवस से ठीक पहले मिली इस जीत के साथ गुकेश ने पांच में से तीन अंक हासिल कर लिए और तीन खिलाड़ियों से पीछे संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए।

अमेरिका के हांस नीमन और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अब्दुसत्तोरोव के हमवतन और विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव ने कड़ी टक्कर के बाद युवा यागिज काआन एरदोगमुस को हराया।

### तीन खिलाड़ी 3.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर

तीन खिलाड़ी 3.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश फेडोसीव और नीदरलैंड के खिलाड़ी जॉर्डन वान फोरेस्ट के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। 114 खिलाड़ियों के 13 दौर वाले इस टूर्नामेंट में अभी नौ दौर बाकी हैं। एरिगैसी 2.5 अंकों के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह दो अन्य भारतीयों अरविंद चिदंबरम और आर. प्रज्ञानानंदा से एक अंक आगे हैं। गुकेश ने काले मोहरों से दबाव के बीच 51 चाल में जीत दर्ज करने के बाद कहा, ''यह एक अच्छी जद्दोजहद थी।''

**खेल संस्थाओं से की साझेदारी**

## पेस ने किया गोल्फ का रुख चैंपियन तैयार करने का लक्ष्य



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने अब अपना ध्यान गोल्फ की ओर करते हुए विभिन्न खेलों में ओलंपिक चैंपियनों को तैयार करने का लक्ष्य बनाया है।

अठारह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन पेस ने देश में उभरती गोल्फ प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू), 'प्रोफेशनल गोल्फर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (पीजीएआई) और 'द गोल्फ फाउंडेशन' (टीजीफ) के साथ साझेदारी की है। इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने बृहस्पतिवार को आईजीयू, पीजीएआई और टीजीएफ के सहयोग से 'गोल्फ ग्रोथ इनिशिएटिव' का शुभारंभ किया, जो भारतीय गोल्फ खिलाडियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने की दिशा में एक अहम पहल है। दिल्ली गोल्फ क्लब में पेस की मौजूदगी में शुरू की गई इस पहल के तहत गोल्फ को सीधे स्कूलों और खेल मैदानों तक ले जाया जाएगा ताकि प्रतिभाओं का दायरा व्यापक बनाया जा सके।

### मुझे पता है कि ओलंपियन कैसे तैयार किए जाते हैं

इस कार्यक्रम में पूरे गोल्फ पारिस्थितिक तंत्र को शामिल किया गया है, जिसमें जीव मिल्खा सिंह, ज्योति रंधावा, शिव कपूर, गगनजीत भुल्लर, एसएसपी चौरसिया और गौरव घई जैसे पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों का मार्गदर्शन भी मिलेगा। सात ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने वाले इकलौते भारतीय टेनिस खिलाड़ी पेस का लक्ष्य अगले 10 वर्षों में देशभर में विभिन्न खेलों के लिए 10 अकादमियां स्थापित करना है। पेस ने कहा, ''मेरे लिए खेलों में उत्कृष्टता का मतलब अपनी विरासत बनाना है। मैं दो ओलंपियनों के परिवार से आता हूं, इसलिए मुझे पता है कि ओलंपियन कैसे तैयार किए जाते हैं। मैं गोल्फ सहित सभी खेलों में ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाना चाहता हूं। मैंने 18 ग्रैंड स्लैम जीते है और गोल्फ में भी 18 होल है, यही वजह है कि इस खेल ने मुझे आकर्षित किया।''

### युकी मिश्रित युगल के पहले दौर में बाहर

**मेलबर्न।** भारत के युकी भांबरी और उनकी अमेरिकी साथी निकोल मेलिचर-मार्टिनेज गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के पहले दौर में जर्मनी के टिम पुट्ज़ और चीन की झांग शुआई की जोड़ी से हार गए। भांबरी और मेलिचर-मार्टिनेज को पुट्ज़ और शुआई की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-3 1-6 (10-6) से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि साल के पहले ग्रैंड स्लैम में भांबरी का अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि वह पुरुष युगल स्पर्धा में मुकाबले में बने हुए हैं। युकी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन ने बुधवार को पुरुष युगल के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट को 6-3 6-4 से पराजित किया था।

## सिंधू-लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में


एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया।

विश्व चैंपियनशिप (2021) के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य के सामने थाईलैंड की उभरती प्रतिभा पनीचाफोन टीरारत्सकुल की चुनौती होगी। टीरारत्सकुल ने पेरिस में कांस्य पदक जीतने वाली मलेशिया की ली जी जिया को हराया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी। सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई से होगा। सिंधू और फेई अब तक 13 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। कुल रिकॉर्ड में फेई का पलड़ा 7-6 से थोड़ा भारी है।



सिंधू ने डेनमार्क की होजमार्क को 21-19, 21-18 से हराया



लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन को सीधे सेटो में हराया

### श्रीकांत चीन ताइपे के चेन से हारे

भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी बार 2019 में फेई को हराया था और वह इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगी। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखा सके और प्री-क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से 11-21 10-21 से हार गए।

**आईसीसी ने मैच स्थल बदलने की मांग खारिज कर दी थी**

# बांग्लादेश को अब भी आईसीसी से न्याय की उम्मीद

**भारत में टी20 विश्वकप नहीं खेलने पर अड़ा**

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को कड़ा रुख अपनाते हुए अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम भेजने से इनकार कर दिया क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी मैच स्थल बदलने की मांग को खारिज कर दिया था।

इस फैसले से स्कॉटलैंड के लिए टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह लेने का रास्ता साफ हो गया। विश्व संस्था ने बुधवार को बांग्लादेश को अल्टीमेटम दिया था कि या तो वह भारत जाने के लिए सहमत हो या फिर उनकी जगह किसी और टीम को ले लिया जाएगा।

### गुरुवार तक दिया गया था समय

आईसीसी ने कहा कि भारत में उनके खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था। बांग्लादेश को बृहस्पतिवार तक फैसला लेने का समय दिया गया था। स्कॉटलैंड टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए रैंकिंग के आधार पर अगले विकल्प में शामिल है।

### आईसीसी का रुख स्वीकार नहीं

हालांकि एक कड़ा रुख अपनाते हुए बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद घोषणा की कि आईसीसी का रुख उन्हें स्वीकार्य नहीं है। नजरुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा और स्पष्ट किया कि देश भारत में मैच नहीं खेलेगा।



### 325 करोड़ टका का होगा नुकसान

सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल ने सुरक्षा चिंताओं को राष्ट्रीय प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए कड़ा रुख अपनाया है। इस सख्त फैसले की कीमत बीसीबी को करीब 325 करोड़ बांग्लादेश टका (लगभग 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर) चुकानी पड़ सकती है जो उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सालाना राजस्व से मिलती है। इसके अलावा प्रसारण अधिकारों और प्रायोजन से होने वाली आय का नुकसान भी जोड़ दिया जाए तो मौजूदा वित्त वर्ष में कुल आय में करीब 60 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की गिरावट आ सकती है।




# कब्र से रिश्तेदारों के कंकाल निकालकर उनके साथ नाचते हैं यहां के लोग

## रोंगटे खड़े कर देने वाली अजीबोगरीब परंपरा

**एंटानानारिवो।** दुनिया में कुछ परंपराएं ऐसी हैं जो हैरान भी करती हैं और सोचने पर मजबूर भी। मेडागास्कर की एक रस्म में लोग जरे हुए अपनों को कब्र से निकालकर उनके साथ नाचते हैं। यहां मौत का मतलब विदाई नहीं, बल्कि दोबारा मिलना है। मेडागास्कर के मालगासी समुदाय में एक अनोखी और रहस्यमयी परंपरा निभाई जाती है, जिसे फामादीहाना कहा जाता है। इस रस्म में परिवार वाले अपने पूर्वजों की कब्र खोलते हैं, उनके अवशेषों को नए रेशमी कफन में लपेटते हैं और संगीत के साथ नाचते गाते हैं। यहां मौत को अंत नहीं माना जाता। लोगों का भरोसा है कि पूर्वजों की आत्माएं आसपास ही रहती हैं और समय-समय पर अपनों से मिलने धरती पर लौटती हैं।

### बीमारी और बहस के बीच परंपरा

2017 में प्लेग फैलने के बाद सरकार ने कुछ नियम बनाए, खासकर संक्रामक बीमारी से मरने वालों की कब्रें न खोलने को कहा गया। बावजूद इसके कई लोग आज भी इस परंपरा को निभाते हैं। उनका कहना है कि यह डर नहीं, बल्कि मोहब्बत की रस्म है। यह परंपरा बताती है कि हर संस्कृति मौत को अलग नजर से देखती है। कहीं मातम है तो कहीं जश्न। यह खबर दुनिया की विविध सोच और इंसानी रिश्तों की गहराई को दिखाती है। फामादीहाना डरावनी लग सकती है, लेकिन मालगासी लोगों के लिए यह यादों, इज्जत और मोहब्बत का त्योहार है। शायद यही वजह है कि सदियों बाद भी यह रस्म जिंदा है।



### कब्रिस्तान में संगीत और जश्न

फामादीहाना हर पांच से सात साल में मनाई जाती है। इस दौरान कब्रिस्तान किसी त्योहार जैसा लगने लगता है। ढोल बजते हैं, लोग नाचते हैं, खाना पकता है और अपनों से बातें की जाती हैं, जैसे वे अभी भी साथ हों। पर्यटकों के लिए यह नजारा चौंकाने वाला होता है। यहां उंगली से इशारा करना भी मना है, क्योंकि माना जाता है कि इससे आत्माएं नाराज हो सकती हैं।



# समंदर के नीचे मिला 10 हजार साल से भी पुराना शहर!

## रहस्यमयी खंडहर देख वैज्ञानिक भी हुए हैरान

**टोक्यो।** जापान के योनागुनी द्वीप के पास समुद्र में एक बड़ा रहस्य छिपा है। आज इस द्वीप का नाम योनागुनी स्मारक है, दरअसल पानी से 20 फीट नीचे से शुरू होकर 24 मीटर नीचे गहराई तक फैला पुराना खंडहर मिला है जो कि किसी शहर की तरह लगती है। कुछ लोग इसे समुद्र में खोया अटलांटिस या प्राचीन सभ्यता का अवशेष मानते हैं। वहीं वैज्ञानिकों का तर्क अलग है। जापान के समुद्र के नीचे रहस्यमयी पत्थरों से बनी संरचना मिली है। जापान के योनागुनी द्वीप के पास पानी की गहराई में सीढ़ीदार पत्थरो से बनी संरचना मिली है। जिसे कुछ लोग प्राचीन शहर के खंडहर बता रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि ये संरचना 10000 साल पुरानी इंसानों द्वारा बनाई संरचना है, वहीं वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नेचुरल है।



### कैसे मिला ये रहस्यमयी शहर

साल 1987 में डाइविंग इंस्ट्रक्टर किहाचिरो अरातके ने योनागुनी द्वीप के पास जब गोता लगाया तो उन्हें पानी के अंदर काफी बड़ी संरचना नजर आई। यह 50 मीटर से ज्यादा लंबी और 20 से 40 मीटर चौड़ी और 25 मीटर तक ऊंची है। पत्थरों में सीढ़िया, प्लेटफॉर्मल और शार्प कोने दिखे हैं जिसे देखकर ऐसा लगा कि यह कोई पुराना पिरामिड या फिर महल हो सकता है।

### क्या है वैज्ञानिकों की राय

बोस्टन यूनिवर्सिटी के भूवैज्ञानिक रॉबर्ट शोच ने इसे नेचुरल बताया है। उनके अनुसार यह हिस्सा भूकंप वाला है। यहां की चट्टान में पहले से ही दरारें और सपार परतें होती है। भूकंप की वजह से चट्टानों टूटती हैं जिससे चौकोर ब्लॉक और सीढ़ियां जैसी शेप बन जाती है। समुद्र की लहरें और धाराएं इन दरारों को चौड़ा कर देती हैं वहीं सतह को चिकना बनाती हैं। साल 2024 में क्यूशू यूनिवर्सिटी के भूवैज्ञानिकों ने बोला कि कोई पुरातात्विक सबूत नहीं मिले हैं ।

# समुद्र में खौलता पानी और उठते बुलबुले! गुजरात-महाराष्ट्र तट पर खलबली

**नई दिल्ली।** गुजरात और महाराष्ट्र के पालघर के पास समुद्र में पानी अचानक खौलता हुआ देखा गया है। प्रशासन ने तुरंत ही इसकी जांच के आदेश दिए हैं और कुछ समय के लिए मछुआरों को इससे दूर रहने की चेतावनी दी गई है। गुजरात में समुद्र के पास अचानक उबलने जैसी हलचल दिखने के बाद महाराष्ट्र के पालघर जिले में मछुआरों और अधिकारियों को सावधान कर दिया गया है। मछुआरों ने कुछ ऐसे वीडियो बनाए हैं, जिनमें समुद्र का पानी किसी खौलते हुए बर्तन की तरह उबलता और बुलबुले छोड़ता दिख रहा है। इस अजीब घटना को देखकर आपदा प्रबंधन की टीम चौकन्नी हो गई है और तुरंत ही जांच शुरू कर दी गई है। वैज्ञानिक पता लगा रहे हैं कि यह हलचल आखिर क्यों हो रही है। उन्हें शक है कि शायद समुद्र के नीचे कोई गैस लीक हो रही है या कोई पाइपलाइन फट गई है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांसप्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
किडनी रोग विभाग
• किडनी प्रत्यारोपण (Kidney Transplantation)
• स्टेट ऑफ आर्ट डायलिसिस यूनिट
• डेडिकेटेड क्रिटिकल केयर यूनिट
• किडनी बायोप्सी
• एवी फिश्चुला, परमाकैथ, ग्राफ्ट
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. कृष्णा सोमानी
M.D., D.M.
(नेफ्रोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737




इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom Price of Destini110 in Chhattisgarh. ^T&C apply.~Offer valid only for vehicles sold in Rada Auto Expo, Raipur.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलौदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरुरः श्री गुरूनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोइलाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, सिमगाः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/9993454103, डरपिनाः कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुड़कुदुः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, साजागांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामाः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरापारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com